## सार समाचार

### जमीन विवाद को लेकर भाई और बच्चे आपस में भिड़ गए

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत जमीनी विवाद में दो भाई सहित उनके बच्चे आपस में भिड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी ब्रजेन्द्र ओझा पिता शांतिलाल ओझा निवासी वार्ड क्रमांक 9 नारायण कालोनी ने अपने भाई योगेन्द्र ओझा के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी जमीन ग्राम मूडरा खुर्द में है। गत शाम वह अपनी मोटर साइकिल से तथा मेरा भाई योगेन्द्र ओझा और सुखवीर ओझा दूसरी मोटर साइकिल से अपने पिताजी के नाम की जमीन को बेचने के लिए ग्राहक देखने के लिये मूडराखुर्द जा रहे थे। जैसे ही वह आरोन बायपास मूडरा रोड ईटों के भट्टों के पास पहुंचा तो रोड पर उसके चाचा ओमप्रकाश ओझा, राधेश्याम ओझा तथा चाचा का लडका रवि ओझा मिले। तीनों ने उसके साथ गाली गलौंच कर मारपीट शुरू कर दी। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### बेटे की याद में दृष्टि स्कूल में भेंट किया वाटर कूलर



**गुना, देशबन्धु।** रोटरी क्लब रॉयल द्वारा संचालित सांई दृष्टि स्कूल में सीताराम राठौर ने अपने पुत्र स्व. पवनजी राठौर की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र प्रियेश राठौर एवं प्रियांशु राठौर द्वारा बच्चों को वाटर कूलर प्रदान किया। इस मौके पर बच्चों को फूड पैकिट एवं अन्य सामाग्री भी वितरित की। कार्यक्रम में गोपाल राठौर, सुनील राठौर, प्रियेश राठौर, प्रियांशु राठौर एव परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। वहीं रोटरी रॉयल के सदस्य एवं चेयरमैन महेंद्र सिंह संदू की ने सभी का स्वागत किया। अंत में आभार महावीर जैन ने माना। कार्यक्रम में क्लब सचिव विशाल श्रीवास्तव, रितेश जैन , जितेन्द्र वर्मा, सौरभ जैन आदि उपस्थित थे।

# 10 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल पर बैठे ग्रामीण डाकसेवक

## अब अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे



**गुना, देशबन्धु।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के आव्हान पर ग्रामीण डाक सेवक बुधवार को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर रहे। इस दौरान जीडीएस ने प्रधान डाकघर के गेट पर धरना देकर अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। इधर हड़ताल के चलते जिलेभर के सभी ग्रामीण डाकघरों की शाखाओं में कामकाज ठप रहा। ग्रामीण डाक सेवकों ने कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो 5 दिसंबर से वे अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इसकी भी सूचना विभाग को डाक सेवक संघ द्वारा दी जा चुकी है। जिले में लगभग 2 सौ डाक सेवक के रूप में कार्यरत हैं। हड़ताल पर होने के कारण डाक से जुड़ी सभी सुविधाएं बुधवार को ठप्प रही। इससे लोगों का डाक उन तक नहीं पहुंचने से परेशानी हुई। सरकारी योजनाओं की राशि का भुगतान भी ग्रामीण डाकसेवकों के माध्यम से होता है यह नहीं हो पाया।

संगठन ने बताया कि डाक सेवकों द्वारा चरणबद्ध योजना की तरह सरकार एवं डाक विभाग से मांग की जा रही है। इसके पूर्व 25 जुलाई को प्रधानमंत्री, संचार मंत्री, वित्त मंत्री को सांसद के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया था। रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी ज्ञापन 10 अगस्त को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन तथा परिमंडल कार्यालयों के सामने एक दिवसीय भूख हड़ताल भी किया जा चुका है। अब 5 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

डाक सेवकों की मांगों में 8 घंटे के कार्य के साथ-साथ सरकारी सुविधा कर्मचारी का दर्जा, नियमितीकरण, एक जनवरी 2016 से कमलेश चन्द्र कमेटी की रिपोर्ट को पूर्ण रूप से लागू करने, पांच लाख की ग्रेजुएटी देने, 12, 24 एवं 36 वर्ष की सेवा पूरी करने पर समयबद्ध वित्तीय उन्नयन समूह बीमा पांच लाख करने, 180 दिन की सवैतनिक छुट्टी को आगे बढ़ाने और नगदीकरण करने की बात कही गई है। इसके साथ ही उन्होंने मांग की है कि सभी प्रकार के इंसेंटिव को बंद कर वर्क लोड में लिया जाए और जीडीएस कर्मचारियों के परिवारों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने समेत अन्य मांग इसमें शामिल हैं।

# मेटरनिटी वार्ड के सामने हाई वोल्टेज बिजली तारों पर झूल रहा जर्जर पेड़



**गुना, देशबन्धु।** पहले से ही भारी अव्यवस्थाओं और भ्रष्टाचार से जूझ रहा जिला अस्पताल का मेटनिटी वार्ड के सामने कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। दरअसल यहां जर्जर हो चुका एक पेड़ बिजली के तारों पर झूल रहा है। जो कभी भी गिर सकता है। ऐसे में यहां बड़ा हादसा हो सकता है।

उक्त पेड़ को हटाने में न तो बिजली कंपनी ने कोई रूचि ली और न ही जिला अस्पताल प्रबंधन ने। ऐसे में मेटरनिटी के सामने

## ▶ जिला अस्पताल प्रबंधन को है हादसे का इंतजार

आराम फरमाते लोग एवं भीड़ के लिए यह कभी बड़ा हादसा बनेगा। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल मेटरनिटी वार्ड के सामने लंबे समय से एक सूखा पेड़ बिजली के हाई वोल्टेज तारों पर झूल रहा है। जो कभी भी गिर सकता है। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की वजह से कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इस पेड़ पर अभी तक ना तो अस्पताल प्रबंधन का ध्यान गया नहीं जिम्मेदारों का। किसी दिन पेड़ गिर जाता है तो बड़ी जनहानि होने की संभावना है।

इधर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 के बीच की एप्रोच रोड प्रताप छात्रावास के सामने भी यही हाल है। यहां करीब 100 वर्ष पुराना बरगद का विशाल वृक्ष विशाल जर्जर हो चुका है। वृक्ष नीचे से जड़ों से कमजोर हो चुका है। वहीं वृक्ष के तने इतने भारी हो चुके हैं कि आए दिन कोई बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है। रहवासियों द्वारा इसकी शिकायत कई बार नपा से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### बीनागंज क्षेत्र से 7 विक्षिप्त श्रमिकों को कराया मुक्त

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी के निर्देशन में जिला एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा जिले में मानसिक विक्षिप्त श्रमिकों को विमुक्त कराए जाने के लिए अभियान सतत् जारी हैं। इसी क्रम में बीनागंज क्षेत्र में मानसिक रूप से विक्षिप्त श्रमिकों की जानकारी प्राप्त होते ही सहायक श्रम पदाधिकारी गुना आशीष कुमार तिवारी एवं थाना प्रभारी संजीव मावई तथा प्रमोद भार्गव वरदान सेवा समिति संयोजक गुना की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पटौदी चक जिला गुना से घर से भटके हुए 7 विक्षिप्त श्रमिकों को नियोजको के यहां से सामान्य रूप से विमुक्त कराकर उनकी जानकारी पुलिस पोर्टल पर अपलोड कराई गई।

## 5 साल पहले कराई थी शिकायत दर्ज

# फसल बीमा का भुगतान न करने पर उपभोक्ता फोरम ने लगाया जुर्माना

**गुना, देशबन्धु।** फसल बीमा का भुगतान नहीं करने पर जिला उपभोक्ता फोरम ने बीमा कंपनी को नुकसान की बीमा राशि मय ब्याज और वाद व्यय देने का आदेश दिया है। केस के अधिवक्ता पुष्पराग शर्मा ने बताया कि आवेदक अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने 28 जून 2019 को फोरम में शिकायत दर्ज कराई थी कि नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से अपने पोली हाउस के लिए एक बीमा कराया था। गुना स्थित पॉली हाउस में 1 मई 18 की रात में चली तेज हवा के कारण हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति राशि विपक्षी द्वारा परिवादी का अदा न करने और परिवादी का बीमा दावा निरस्त करने का कृत्य कर विपक्षी का सेवा में कमी की थी। परिवादी ने विपक्षी से पॉली हाउस में हुए नुकसान के लिए कुल ढाई लाख रुपए की राशि, आर्थिक एवं मानसिक कष्ट के लिए कुल 40 हजार रुपए की राशि, वाद व्यय के लिए 5 हजार रुपए की राशि सहित अधिवक्ता शुल्क के लिए 5 हजार रुपये की राशि का भुगतान कराया जाए। बीमा कम्पनी ने सर्वेयर व लॉस असेसर को नियुक्त किया। जिन्होंने परिवादी के पॉली हाउस जाकर पॉली हाउस का निरीक्षण व अनुसंधान कर पाया था कि परिवादी को कुल 115,546 रुपये की राशि बतौर क्षति बीमा पॉलिसी के अंतर्गत देय है। किन्तु उक्त राशि मेट्रोलॉजिकल डिपाटमेंट से 1 मई 18 की रात तेज हवा चलने और उसके कारण परिवादी के पॉली हाउस में नुकसान होने का प्रमाण पत्र प्राप्त हो जाने पर ही परिवादी को होगी। मौसम विभाग की रिपोर्ट मांगी गई, मौसम विभाग, गुना और नागपुर में 25 सौ रुपए की राशि जमा कर रिपोर्ट मांगी। जिन्होंने लिखा कि रात 8.30 बजे के बाद का कोई रिकार्ड उनके पास उपलब्ध नहीं है। उक्त रिपोर्ट परिवादी ने विपक्षी के पास प्रेषित की, किन्तु विपक्षी ने उसका बीमादाचा पुष्ट नहीं किया ।

उभय पक्षों की जिरह सुनने के बाद 4 अक्टूबर को सदस्य जिला उपभोक्ता विवाद परितोषण आयोग शबीना अली एवं सुरेश कुमार चौबे अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतियोग गुना ने बीमा कंपनी को आदेश दिया कि बीमा कंपनी 2 माह की अवधि के अंदर परिवादी को उसके बीमित पॉली हाउस में हुई क्षति की राशि 1,15,446 रुपए अदा करे और उक्त राशि 1,15,446 रुपए पर परिवादी का बीमा दावा अमान्य करने की 1 मई 19 से राशि भुगतान करने की दिनांक तक 7 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर से ब्याज भी अदा करे। साथ ही परिवादी को मानसिक कष्ट के लिए 5 हजार रुपए की राशि, वाद व्यय के रूप में 1 हजार रुपए एवं अभिभाषक शुल्क के रूप में 1 हजार रुपए भी आज से 2 माह के ब्याज सहित अदा करे।

# समय से पहले मिली लाड़ली बहना योजना की 5वीं किश्त

**गुना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाड़ली बहना योजना की पांचवी किश्त की राशि 1250 रुपए प्रत्येक लाड़ली बहना के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से जिला बुरहानपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अंतरित की गई। इस कार्यक्रम को एवं मुख्यमंत्री के संबोधन को सभी ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र के वार्ड में सीधे प्रसारण के माध्यम से देखा गया। गुना मुख्यालय पर मुख्य कार्यक्रम नगरपालिका परिषद गुना के सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

गुना जिले की 2 लाख 35 हजार 759 लाड़ली बहनों के खातों में 29 करोड़ 46 लाख रुपए की राशि अंतरित की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विधायक गोपीलाल जाटव, नपाध्यक्ष सविता गुप्ता, उपाध्यक्ष धरम सोनी, सांसद प्रतिनिधि रमेश मालवीय, सचिन शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता एवं पार्षद गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास आर.बी गोयल द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं कार्यक्रम की जानकारी दी गई। सीएमओ बी.डी. कतरौलिया द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया गया।

## महानगर की तर्ज पर विकसित होगा शहर

# अत्याधुनिक ऑडिटोरियम हॉल सहित साढ़े 5 करोड़ की मिली सौगात



**सीहोर, देशबन्धु।** शहर को महानगर की तरह विकसित करने के लिए बुधवार को 5 करोड़ से अधिक विकास कार्य का भूमि पूजन विधायक सुदेश राय के मुख्य आतिथ्य में नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री और विधायक के मार्गदर्शन में शहर में विकास कार्य को रफ्तार मिल रही है।

शहर को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए परिषद ने आगामी 25 सालों के लिए शहर की जरूरतों को देखते हुए इन 5 सालों में नगर पालिका शहर के विकास की योजनाओं पर काम कर रही है, भविष्य में शहर की क्या जरूरते हैं, क्या संभावनाएं होंगी, इनको लेकर ही योजनाओं पर काम किया जा रहा है। हमारा एक ही विजन है सभी के सहयोग से शहर का विकास महानगर की तर्ज पर किया जाए। यह विचार विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहे।

उन्होंने कहा कि परिषद का कार्य प्राथमिक तौर पर सडक़, नाली आदि का निर्माण तो कराना है, लेकिन शहर महानगर की तरह कैसे विकसित हो, इसका भी ध्यान रखना है। इसके लिए प्लान कर कार्य किए जा रहे है।

### नपाध्यक्ष ने लगाई सौगात की बरसात

बुधवार को विधायक श्री राय सहित स्थानीय पार्षद, नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारियों के अलावा क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में सुबह करीब 42 लाख की लागत से भोपाल नाके से लेकर सेंट्रल स्कूल से होते हुए चाणक्यपुरी तक डामर रोड के निर्माण कार्य का भूमि पूजन, दोपहर में टाउन हाल पर करीब चार करोड़ 50 लाख की लागत से बनाए जाने वाले 500 सीटर का अत्याधुनिक ऑडिटोरियम हॉल, जायसवाल अस्पताल चौराहा से इंग्लिशपुरा के मोड तक रोड के निर्माण कार्य, पुराने बस स्टैंड से मुरली रोड तक बनाए जाने वाले करीब 25 लाख की लागत से निर्माण कार्य और 32 लाख से लुनिया चौराहा से महाकाल चौराहे तक बनाए जाने वाले रोड का भूमि पूजन करवाने के साथ ही नपाध्यक्ष श्री राठौर ने समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने की बात कही है।

# पुलिस ने किया पर्दाफाश, अवैध संबंधों के चलते की गई महिला की हत्या



**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के जोरा थाना अंतर्गत 25 सितंबर को खुमानी का पूरा गांव में एक महिला के अंधे कत्ल का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने बुधवार को मुख्य आरोपी मृतक के नंदोई को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

प्रभारी एसडीओपी रवि सोनेर एवं जौरा थाना प्रभारी आलोक सिंह परिहार ने बताया कि 25 सितंबर को खुमानीपुरा निवासी पुरन पुत्र सोवरन जाटव द्वारा रिपोर्ट की, कि उसकी भतीजी बहु रानी जाटव अपने घर के अंदर कमरे में अचेत अवस्था में पड़ी हुई है। मौके पर पहुंच कर नगर निरीक्षक आलोक सिंह परिहार ने देखा तो रानी जाटव की सांस व धडक़न बंद हो चुकी थी। प्रकरण में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। घटनास्थल का नक्शा व मौका मुआयना कर मृतिका के शव का परीक्षण किया गया तो गले पर खरोच जैसे निशान भी पाए गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृतिका की गले पर खरोंच होने के निशान की पुष्टि की गई। शव को देखकर प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका प्रतीत हुई। मृतक के परिजनों से विस्तृत पूछताछ कर कथन इत्यादि लिए गए तथा घटनास्थल से मृतिका का मोबाइल एवं अन्य गहने व जेवरात गायब होना पाया गया। पुलिस द्वारा मामले को विवेचना में लिया गया और पुख्ता जानकारी के आधार पर एसडीओपी रवि सोनेर, थाना प्रभारी आलोक सिंह परिहार की टीम ने कार्यवाही करते हुए विस्तृत जानकारी के उपरांत पाया कि रानी जाटव के मर्डर में उसके ननदोई नेपरी निवासी ज्ञान सिंह जाटव पुत्र भरोसी जाटव का हाथ है, जिस पर से ज्ञान सिंह जाटव को पकडक़र पूछताछ की गई तो आरोपी ने बताया कि कई वर्ष से रानी जाटव से उसके अवैध संबंध थे। 24 सितंबर की रात 10 बजे आरोपी, मृतिका रानी जाटव से मिलने उसके घर खुमानीपुरा हिम्मतगढ़ आया था एवं रानी जाटव के द्वारा खर्च के लिए 20 हजार रूपए मांगने पर आरोपी द्वारा रुपए देने की मना कर दी गई तो रानी जाटव द्वारा ज्ञान सिंह जाटव को बलात्कार के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी गई। गुस्से में आरोपी ज्ञान सिंह ने रानी जाटव की स्टॉल उसके गले में फंसाकर कस दिया, जिससे दम घुटने से रानी जाटव की मृत्यु होना पाया गया एवं मौके से आरोपी रानी जाटव के सोने, चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन लेकर भाग गया। आरोपी ने मोबाइल फोन एवं स्टॉल को नहर में फेंकना कबूल किया एवं सोने चांदी के आभूषणों को अपने घर में छुपा लिया, जिन्हें पुलिस ने जप्त कर लिया है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक विवेक तोमर, सुरेश मिश्रा, श्रीमती ममता गुर्जर, गुलाब सिंह, रामवीर सिंह, कन्हैया सिंह, लोकेंद्र परमार, रामदीन, भूपेंद्र सिंह, विकास शर्मा, रामेंद्र परमार, प्रवीण शर्मा, बहूदेव, मुकेश गुर्जर, नकुल सिंह आदि पुलिस कर्मियों का सरारी योगदान

# खेल परिसर में पहलवानों ने की जोर आजमाईश



**सीहोर, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय के खेल परिसर में मंगलवार 3 अक्टूबर को जिला स्तरीय कुश्ती महिला पुरुष प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में फ्री स्टाइल कुश्ती में दानिश , समीर, कुलदीप, निखिल, दिलीप पवार, आयुष ने अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ा। वहीं ग्रीको रोमन वर्ग में हरजीत सिंह राजपाल धनगर कुणाल महेंद्र सिंह आर्य रोहित यादव अवधेश पाटीदार गोपाल डोंगरे पहलवान विजय घोषित हुए। इसी प्रकार महिला वर्ग में शासकीय कन्या महाविद्यालय की महिला पहलवानों ने बाजी मारी, जिसमें खुशबू बाथम, पूजा, अंजलि राठौर, निर्मला मीणा और मुस्कान कुशवाहा ने बाजी मारी। संगठन के सचिव रवि विरहा ने बताया कि 12 अक्टूबर को महाविद्यालय के स्पोर्ट्स हॉल में संभाग स्तरीय महिला पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भोपाल, होशंगाबाद, विदिशा, रायसेन, राजगढ़ और सीहोर जिले के महिला पुरुष पहलवान आपस में जोर आजमाइश करेंगे।

# कार से 2 लाख से अधिक का गांजा जप्त, आरोपी गिरफ्तार



**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने मंगलवार की शाम ग्वालियर से धौलपुर की ओर अवैध गांजा लेकर जा रही होंडा सिटी कार को पकडक़र एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की कीमत 2 लाख से अधिक बताई गई है।

आगामी चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर से नगर पुलिस अधीक्षक राकेश गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी वीरेश सिंह कुशवाह सिविल लाइन को एक सिल्वर रंग की होंडा सिटी कार क्रमांक एच आर12-एच-9635 ग्वालियर तरफ से अवैध मादक पदार्थ गांजा भरकर धौलपुर तरफ जाने की सूचना मिली, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने होंडा सिटी कार से अवैध मादक पदार्थ गांजा 24.329 कि.ग्रा. कीमती करीबन 2,45,000/- रुपये एवं आरोपी प्रमोद जाट निवासी झुंझुनू राजस्थान को होंडा सिटी कार सहित गिरफ्तार कर लिया और उसके विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन वीरेश सिंह कुशवाह, उनि अभिषेक जादौन (सायबर सेल प्रभारी), यशपाल सिंह, विवेक शर्मा, सउनि लक्ष्मण गौड, प्र. आर. कुलदीप दोहरे, आर. संजय गुर्जर, प्रशांत डण्डौतिया, आर. रविकांत शर्मा की विशेष भूमिका रही।

# अंगदान के लिए पंजीयन में सीहोर प्रदेश में अव्वल

## 1951 नागरिकों ने लिया अंगदान का संकल्प



**सीहोर, देशबन्धु।** सीहोर जिले में आयुष्मान भव: कार्यक्रम के तहत अनेक कार्यक्रम नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए गए। जिसमे रक्तदान, अंगदान, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य परीक्षण सहित अनेक गतिविधियाँ शिविर के माध्यम से आयोजित की गई। आयुष्मान भव: कार्यक्रम के तहत अंगदान के मामले में सीहोर जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर आया है। जिले के 1951 नागरिकों ने अंगदान के लिए पंजीयन कराया है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने अंगदान के लिए पंजीयन कराने अधिक से अधिक नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि अंगदान महादान है। मृत्यु के बाद अंगदान से अनेक लोगों को नया जीवन मिल सकता है। कलेक्टर श्री सिंह की प्रेरणा से अनेक अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अंगदान का संकल्प लेकर ऐप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कराया है। अंगदान का संकल्प लेकर पंजीयन कराने वाले सभी नागरिकों का शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मानवता की सेवा में उनका यह संकल्प महत्वपूर्ण और दूसरों प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने इस अंगदान अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग के अमले को बधाई दी है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसके डेहरिया ने बताया कि कलेक्टर की प्रेरणा के परिणाम स्वरूप सीहोर जिला अंगदान के लिए सर्वाधिक पंजीयन कराने वाला प्रदेश का पहला जिला बना है। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भव: कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर से अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष और प्रमुख सचिव नगरीय विकास से भेंट

# सफाई कामगारों को नियमित करने की मांग



**भोपाल , देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष श्री प्रताप करोसिया और प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीरज मंडलोई से मध्यप्रदेश स्वच्छ भारत सफाई मित्र संगठन के साथ विभिन्न ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों ने भेंट की। प्रतिनिधियों ने समस्त सफाई कामगारों की समस्याओं को प्रमुख सचिव के सामने रखा। श्री करोसिया ने दैनिक वेतन भोगी सफाई कामगारों के नियमितिकरण, अनुकंपा नियुक्ति नियम में सरलीकरण, ठेका प्रथा की समाप्ति, मेडिकल आधार पर स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति लेने पर परिजन को नियुक्ति एवं रोस्टर प्रणाली के नियम में शिथिलता जैसे बिन्दुओं पर चर्चा की।

प्रमुख सचिव श्री नीरज मंडलोई ने मध्यप्रदेश को स्वच्छता का सिरमौर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रदेश के समस्त स्वच्छता मित्रों को बधाई दी। श्री मंडलोई ने कहा कि 2007 से 2016 तक मस्टर रोल पर निरंतर कार्य करने वाले सफाई कामगारों के आंकडे निकायों से मंगाएं जा रहे हैं। इन्हें विनियमित करने की प्रक्रिया भी शीघ्र प्रारंभ की जायेगी। प्रमुख सचिव ने कहा कि विभाग अपने स्तर पर सफाई कामगारों की समस्याओं के निपटारे के लिए पूरे मनोयोग से प्रयासरत है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग पूरी गंभीरता से स्वच्छता मित्रों के हित के लिए कार्य कर रहा है। शासन की समस्त योजनाओं का लाभ भी सफाई कामगारों को मिले, इसके प्रयास भी किए जा रहे हैं।

आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री भरत यादव ने कहा कि प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई कामगारों को वेतन समय पर मिले इसके लिए संचालनालय स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है। अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण भी अभियान चलाकर निपटाये जा रहे हैं। इस दौरान मध्यप्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री गंगाराम घोसरे, श्री अशोक वाल्मिकी सहित विभिन्न ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# दुर्लभ कछुओं की तस्करी में लिप्त फरार आरोपी गिरफ्तार



**भोपाल , देशबन्धु।** स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश ने 3 अक्टूबर को अयोध्या उत्तर प्रदेश से दुर्लभ कछुओं की तस्करी में लिप्त फरार आरोपी अभिषेक उर्फ राजा विश्वास को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी 30 सितंबर को क्षेत्रीय इकाई राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) भोपाल तथा जोनल इकाई राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) इंदौर एवं स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश के द्वारा दुर्लभ प्रजाति के वन्यप्राणी (इंडियन टेन्ट टर्टल) का यशवंतपुर सुपर फास्ट एक्सप्रेस (12540) से अवैध परिवहन के प्रकरण में कार्यवाही के दौरान इटारसी जंक्शन से भागने में सफल हो गया था। आरोपियों के पास से 282 नग कये (इंडियन टेन्ट टर्टल) (जीवित 280. मृत 02) जप्त किये गये थे। आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9, 39, 48ए 49, 49वी 51. एवं 57 के अंतर्गत प्रकरण क्रमांक 237/11 30 सितंबर को पंजीबद्ध किया गया था। आरोपी अभिषेक उर्फ राजा विश्वास लखनऊ उत्तर प्रदेश से कछुओं की तस्करी देश के अन्य शहरों कोलकाता, चेन्नई तक करता था। आरोपी को माननीय विशेष न्यायालय नर्मदापुरम में प्रस्तुत कर अग्रिम विवेचना के लिये 7 अक्टूबर तक फॉरेस्ट रिमाण्ड पर लिया गया है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

# वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में राज्य स्तरीय वन्यप्राणी सप्ताह



**भोपाल , देशबन्धु।** राज्य स्तरीय वन्यप्राणी सप्ताह 2023 के तहत आज 4 अक्टूबर को प्रात: 6.00 बजे पक्षी अवलोकन एवं जैव-विविधता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ट्रूबा इंस्टीट्यूट सांईस एंड कॉमर्स, सेम गर्ल्स कालेज एवं एक्सीलेंस कालेज के कुल 46 प्रतिभागियों ने पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों के दर्शन किये जिनमें प्रमुख है जेकोबीन कुक, ग्रीन बी ईटर, लिटिल कॉर्मोरेंट, कॉपरस्मिथ बर्बेट,, पर्पल सनबर्ड, आयोरा, ब्लैक रेडस्टार्ट एवं ग्रे हेरॉन आदि को देखकर प्रतिभागी उत्साहित हो उठे। स्रोत व्यक्ति के रूप में डॉ. सुरेन्द्र तिवारी, श्री ए.के. खरे, डॉ. सुदेश वाघमारे, डॉ. संगीता राजगीर एवं मो. खालिक तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संचालक वन विहार श्रीमती पदमप्रिया बालकृष्णन भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सहायक संचालक वन विहार श्री एस.के. सिन्हा द्वारा किया गया।

आज की अन्य प्रतियोगिताओं के रूप में प्रात: 11.00 बजे से क्या जलवायु परिवर्तन एक मिथ (कल्पना) है? विषय पर महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता विश्व प्रकृति निधि भारत के सहयोग से आयोजित की गई जिसमें 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया। महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं के लिये विषय पर जागरूकता के लिये सृजनात्मकता प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से अपरान्ह 3.00 बजे से विहार वीथिका में एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें वी.एन.एस. कालेज के 43 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री जसबीर सिंह चौहान, सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं श्री आर श्रीनिवास मूर्ति, सेवानिवृत्त अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक उपस्थित रहे। विषय विशेषज्ञों से पूछे गये विभिन्न प्रश्नों का उत्तर पाकर प्रतिभागी की जिज्ञासा पूरी हुई।

कल 5 अक्टूबर को को प्रात: 6.00 बजे पक्षी अवलोकन एवं जैव-विविधता शिविर का आयोजन किया जायेगा। प्रात: 10.30 बजे से वन विहार स्थित विहार वीथिका में वन्यप्राणी थीम पर मेंहदी प्रतियोगिता तथा प्रात: 11.30 बजे से प्राकृतिक आपदाएं मानव निर्मित है विषय पर शिक्षक वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी। अन्य प्रतियोगिता के रूप में दोपहर 12.30 बजे से वन्यप्राणी थीम पर पॉम पेंटिंग प्रतियोगिता भी वन विहार स्थित विहार वीथिका में आयोजित की जावेगी।

### ग्रामोद्योग राज्य मंत्री राहुल सिंह लोधी के विशेष प्रयासों से

# देश का पहला सिल्क टेक पार्क बना पचमढ़ी



**भोपाल , देशबन्धु।** देश के पहले जैव विविधता आनुवंशिक सिल्कपार्क का आज पचमढ़ी में शुभारंभ हुआ। पचमढी सिल्क टेक पार्क देश का एकमात्र स्थल जहां चारों प्रकार का रेशम मलबरी, टसर, इरी तथा मूंगा शहतूत का उत्पादन एवं संवर्धन व सभी प्रकार के रेशम के पौधे किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। सिल्क के अंडों का कोल्ड स्टोरेज की पर्याप्त व्यवस्था की गई है

राज्य मंत्री कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग (स्वतंत्र) प्रभार एवं वन श्री राहुल सिंह लोधी ने पार्क का शुभारंभ किया। श्री राहुल सिंह लोधी के विशेष प्रयासों से आज न सिर्फ मध्यप्रदेशबल्कि देश में भी इतिहास बना। श्री लोधी ने सिल्क फेडरेशन के द्वारा एक माह के भीतर लिए गए संकल्प को सिद्ध करते हुए कुशल नेतृत्व, श्री मनु श्रीवास्तव अपर मुख्य सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग सिल्क के पर्यवेक्षण एवं श्री मदन विभीषण नागरगोजे आयुक्त रेशम एवं तकनीकी शिक्षा के कुशल निर्देशन में सिल्क फेडरेशन टीम ने सिल्क टेक पार्क का निर्माण कर ऐतिहासिक काम किया।

श्री लोधी ने कोकून की दरो को बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि की घोषणा की। प्रदेश प्रसिद्ध डिजाइनर्स फरहत मलिक, आयुषी अग्रवाल, सुमित सिरोठिया, रुचि राजपूत, रतन श्री द्वारा तैयार किए गए अनेक आकर्षक परंपरागत एवं आधुनिक वस्त्रों को भी लॉन्च किया। आईआईटी आईआईएम के विशेष सहयोग से द्वार लॉजिस्टिक प्लान तैयार किया जावेगा। आईआईटी इंदौर के द्वारा इसके लिये उन्नत तकनीक उपलब्ध कराई जा रही है। श्री के.वी. राव एसएच.पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रचार्य के निर्देशन में डिजाइन का कार्य किया था।

श्री मदन विभीषण नागरगोजे ने ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एस.एस. राजपूत, आर.के. श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, सुजाता रायजादा, रवीन्द्र सिंह, सागर, विजय नंदनवार, आदि उपस्थित रहे।

# लूट के बाद ऑनलाइन रकम ट्रांसफर कराने वाले 2 गिरफ्तार,3 युवकों के साथ चाकू की नोक पर की थी वारदात

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल के मोतिया तालाब के सामने स्थित भोपाल केयर अस्पताल के बाहर मरीज के तीन परिजनों से चाकू अड़ाकर लूट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी फिलहाल फरार है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई साढ़े चार हजार रुपए की रकम को जब्त कर लिया है। जबकि तीन हजार रुपए बदमाशों ने ऑन लाइन ट्रांसफर कराए थे। आरोपियों ने फरियादी का मोबाइल फोन छीनकर फोन पे से बारकोड स्कैन किया था। इसके बाद रकम को ऑन लाइन ट्रांसफर किया था। अकाउंट डिटेल्स के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शाहजहानाबाद पुलिस फरार तीसरे आरोपी की तलाश कर रही है।

थाना प्रभारी उमेश पाल सिंह चौहान ने बताया कि बृजेश मालवीय (29) गाजीखेड़ी जिला रायसेन का निवासी है। उसके रिश्तेदार का भोपाल केयर अस्पताल में इलाज चल रहा था। बीते 29 सितंबर को देर रात बृजेश रिश्तेदार बंटी मालवीय और बालकिशन के साथ अस्पताल के सामने मोतिया तालाब की बाउंडरी के पास बैठे थे। तभी वहां तीन बदमाश आए, उन्होंने तीनों युवकों को चाकू अड़ा दिया।

धमकी देकर बंटी और बालकिशन से कुल साढ़े चार हजार रुपए छीन लिए। जबकि बृजेश के पास पैसे नहीं होने पर जबरन उसका मोबाइल फोन छीना। उसमें फोन पे देखने के बाद एक आरोपी ने अपने मोबाइल के फोन पे का बारकोड स्कैन किया और उससे तीन हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। इससे आरोपी के खाते की जानकारी मिली। इसी के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब रही। आरोपी अब्दुल वकार और मुस्तफा दोनों नूर महल पायगा के रहने वाले हैं। तीसरे आरोपी उमर की तलाश की जा रही है।

# रीवा के गुलाब की खुशबू अब महानगरों में फैल रही है

**भोपाल , देशबन्धु।** रीवा जिले की जनपद पंचायत सिरमौर की ग्राम पंचायत पाली के गुलाब की खुशबू अब दिल्ली, बैंगलुरु, आगरा सहित अन्य बड़े महानगरों में फैल रही है। यह संभव हुआ है ग्राम पाली की डिंपल के अपने खेत में सफलतापूर्वक गुलाब की खेती करने से।

डिंपल पहले अपने खेत में परम्परागत रूप से गेहूँ और दलहन की फसल लिया करती थी। इससे उन्हें बमुश्किल 30 से 40 हजार रूपये की ही आमदनी हो पाती थी। कम आमदनी से पूरे परिवार का गुजर-बसर मुश्किल से हो पाता था। कई बार उनके परिवार को बड़ी कठिनाई में दिन बिताने पड़ते थे। इस तकलीफ को देखते हुए डिंपल के मन में खेती के साथ ही अन्य रोजगार करने की इच्छा भी थी। इस बीच उन्हें रीवा में उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से मिलने का मौका मिला। उन्हें खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिये फसल विविधीकरण और पॉली-हाउस तैयार कर फूलों की खेती करने की सलाह दी गई।

डिंपल बताती हैं कि गुलाब की खेती के लिये खेत में पॉली-हाउस तैयार करने के लिये उद्यानिकी विभाग से उन्हें 33 लाख 80 हजार रूपये का ऋण मंजूर हुआ। इसके साथ ही उन्हें राज्य सरकार की ओर से 16 लाख 88 हजार रूपये की सब्सिडी भी मिली। राज्य सरकार से मिली आर्थिक सहायता से उन्होंने 4 हजार वर्ग मीटर में गुलाब की खेती करने का निर्णय लिया। इसके बाद उन्होंने गुलाब की खेती शुरू की। उनके गुलाब की बिक्री रीवा में अच्छी तरह से होने लगी। इससे उनकी आमदनी भी बढ़ी। इसके बाद उन्हें उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने गुलाब की पैदावार को दिल्ली, बैंगलुरु सहित अन्य महानगरों के बाजारों में भेजने की सलाह दी। अब वे इन शहरों में लगातार गुलाब भेज रही हैं। डिंपल गुलाब की खेती कर काफी खुश हैं। उनके इस कार्य से आसपास के किसानों ने भी उद्यानिकी फसलों की तरफ अपनी रुचि जाहिर की है। अब डिंपल अपने क्षेत्र में सफल किसान के रूप में पहचानी जाने लगी हैं।

# हिंदी भवन में हिंदी पुस्तक मेला आज से

**भोपाल, देशबन्धु।** हिंदी भवन में गुरुवार 5 अक्टूबर से तीन दिनी हिंदी पुस्तक मेला लगने जा रहा है। भव्या प्रकाशन की ओर से लगने जा रहे इस पुस्तक मेले का शुभारंभ सुबह 11 बजे से होगा। शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ बाल साहित्यकार महेश सक्सेना,गोकुल सोनी एवं इंदिरा त्रिवेदी बतौर अतिथि उपस्थित रहेंगे। संस्था के हेमराज कुर्मी ने बताया कि इस पुस्तक मेले में कविता, कहानी, उपन्यास, इतिहास, संस्कृति, अध्यात्म बाल साहित्य एवं अन्य विधाओं की पुस्तकें पाठकों के लिए उपलब्ध रहेंगी। शुभारंभ अवस पर 'राष्ट्रभाषा हिंदी' विषय पर काव्य गोष्ठी भी होगी जिसमें शहर के वरिष्ठ साहित्यकार हिस्सा लेंगे। मेले के दौरान बच्चों पर एकाग्र गतिविधियां होंगी।

### स्मारिका विमोचन और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी

# 5 अक्टूबर को होगी कमल कहते हैं मुझे शॉर्ट फ़िल्म की स्क्रीनिंग

**भोपाल,देशबन्धु।** कीर्तिशेष साहित्यकार एवं पत्रकार कमलकांत सक्सेना की 75वीं जयंती के अवसर पर 5 अक्टूबर को %कमल प्रसंग% का आयोजन किया जा रहा है. दुष्यंत कुमार स्मारक संग्रहालय में शाम 4 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में कमलकांत सक्सेना के योगदान को रेखांकित करती भवेश दिलशाद निर्देशित एक शॉर्ट फ़िल्म का प्रसारण एवं %कमल कहते हैं मुझे% शीर्षक से ही प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया जाएगा. मूर्धन्य पत्रकार महेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में होने जा रहे इस कार्यक्रम में कमलकांत सक्सेना की कविताओं पर आधारित पोस्टरों की एक प्रदर्शनी का अनावरण भी किया जाएगा. वनमाली कथा के प्रधान संपादक मुकेश वर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं रिटायर्ड आईपीएस व ग़ज़लकार विजय वाते विशेष अतिथि होंगे.

साहित्य सागर के संपादक/संचालक भवेश दिलशाद के अनुसार ग्वालियर में बीते 30 सितंबर को %कमल प्रसंग% के तहत एक महत्वपूर्ण आयोजन के बाद अब उन शहरों में भी कमलकांत सक्सेना की स्मृति में कार्यक्रम किये जाएंगे, जो उनके सेवाक्षेत्र रहे हैं. 31 अगस्त 2012 को दिवंगत हुए श्री सक्सेना ने साहित्य और पत्रकारिता जैसे क्षेत्रों में क्या उल्लेखनीय भूमिका निभाई? भोपाल में हो रहे मुख्य कार्यक्रम में इस विषय पर इंदौर निवासी वरिष्ठ साहित्यकार अरुण अपेक्षित, मंडला निवासी प्रो. शरद नारायण खरे एवं भोपाल के प्रतिष्ठित लेखक अशोक मनवानी अपने विचार रखेंगे.

श्री सक्सेना की स्मृतियों को संजोने के लिए यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम भोपाल की अग्रणी साहित्यिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है. वनमाली सृजनपीठ, मध्य प्रदेश लेखक संघ, माधवराव सप्रे संग्रहालय एवं साहित्य सागर के सम्मिलित प्रयास से हो रहे इस आयोजन में भोपाल एवं आसपास के शहरों से प्रमुख साहित्यिक उपस्थित होंगे. विदिशा से चर्चित कवि एवं कलाकार ब्रज श्रीवास्तव एवं कोटा निवासी चर्चित चित्रकार प्रवेश सोनी द्वारा बनाये गये उन पोस्टरों की प्रदर्शनी लगायी जाएगी, जो श्री सक्सेना के काव्य पर आधारित हैं.

%कमल प्रसंग% में पद्मश्री से सम्मानित श्री विजयदत्त श्रीधर, वयोवृद्ध कवि श्री यतींद्रनाथ राही, रिटायर्ड आईएएस श्री केसी श्रीवास्तव, चर्चित कवि ब्रज श्रीवास्तव आदि की गरिमामयी उपस्थिति में सामाजिक जागरूकता संबंधी एक विशेष घोषणा एवं मुहिम का आयोजन भी होगा. कार्यक्रम के दौरान स्मारिका का वितरण होगा और श्री कमलकांत जी की रचनाओं का पाठ भी किया जायेगा.

# प्रशासन में जियो विजन के उपयोग पर सेमिनार

**भोपाल , देशबन्धु।** एमपीएसईडीसी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से मध्यप्रदेश में प्रशासन में जियो विजन के उपयोग के लिये एक दिवसीय सेमिनार आयोजित की गई। प्रायोजक ईएसआरई इंडिया कंपनी थी।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एससीआरबी श्री चंचल शेखर ने मुख्य अतिथि के रूप में पुलिसिंग में जीआईएस के उपयोग पर बहुत ही ज्ञानपूर्ण जानकारी साझा की तथा प्रबंध संचालक एमपीएसईडीसी श्री अभिजीत अग्रवाल ने दूरदर्शी दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने सरकारी सेवाओं की बेहतर योजना और तेजी से वितरण के लिए उपयोग कैसे किया जा सकता है पर प्रकाश डाला। मध्यप्रदेश के सभी जिलों में त्नढ्ढस् ष्ट्ठ्ठस्त्रह्द्ध निर्माण किए जाने पर भी चर्चा की गई। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री शेखर ने भी त्नढ्ढस् ष्ट्ठ्ठस्त्रह्द्ध का भरपूर उपयोग मध्यप्रदेश पुलिसिंग में किए जाने की आवश्यकता बतायी ।उप सचिव सूचना एवं प्रौद्योगिकी श्री बीएस अन्निगेरी, परियोजना निदेशक श्री आदित्य सिंह, श्री केएल मीना ने शासन के लिए के उपयोग पर अपने विचार व्यक्त किए।


**न्यायालय तहसीलदार, तहसील बैरागढ जिला भोपाल म.प्र. (Narendra Singh Parmar)**

क्रमांक 1139/अ-6/2023-24

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक फाकेहा अम्बर पिता/पति श्री मोहम्मद कौसर निवासी- भोपाल ने ग्राम- बड़बाई तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 165/2/3 रकबा 0.092 हे. भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदक प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है । आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में फरहत अयाज पत्नी अब्दुल कवि खान एवं अब्दुल मुईन आ. अब्दुल सलाम के नाम दर्ज है ।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 16.10.2023 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 04/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील- बैरागढ संत हिरदाराम नगर, भोपाल**


# समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के लिए किसान पंजीयन की अवधि बढ़ाई

**15 तक करा सकेंगे पंजीयन**

**भोपाल , देशबन्धु।** प्रमुख सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण ने जानकारी दी है कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के लिए किसान पंजीयन की निर्धारित दिनांक 5 अक्टुबर को बढ़ा दिया गया है। पंजीयन की अवधि को 15 अक्टूबर कर दिया गया है। धान, ज्वार एवं बाजरा उत्पादक किसान, समर्थन मूल्य योजना का लाभ लेने के लिए अपना पंजीयन 15 अक्टूबर तक करा सकते है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्रमांक / सेंट्रल स्टोर / न.नि./2023/51 सागर दिनांक 22.09.2023

**ऑनलाईन निविदा सूचना**
**( द्वितीय आमंत्रण )**

नगर निगम सागर के अंतर्गत सेंट्रल स्टोर शाखा द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु संपूर्ण 01 वर्ष के लिये विभिन्न प्रकार के प्रिंटिंग कार्य करने की दरें बुलाने हेतु इच्छुक निविदाकारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण इस प्रकार है।

| ऑनलाइन टेण्डर क्रं. | सामग्री का विवरण | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|
| 2023_UAD_310545_1 | दी गयी सूची अनुसार विभिन्न प्रकार के प्रिंटिंग कार्य की दरें आमंत्रण का कार्य | 10,000/- | 2000/- |

1. टेण्डर डाक्यूमेंट दिनांक 23.09.2023 समय 10.30 से दिनांक 07.10.2023 समय 17.30 तक सिर्फ ऑनलाइन वेबसाइट www.mptenders.gov.in द्वारा Directorate Urban Administration and Development के अंतर्गत क्रय किये जा सकते है।
2. निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्ते वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर जाकर देखी जा सकती है।
3. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सिर्फ ऑनलाइन वेबसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, सागर**

देशबन्धु

भोपाल, गुरूवार 5 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# नांदेड़ अस्पताल में मौतों का जिम्मेदार कौन?

एक ओर तो महाराष्ट्र के नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, दूसरी ओर इसे लेकर सियासत तेज़ हो गई है। जिले के विष्णुपुरी में स्थित डॉ. शंकरराव चव्हाण शासकीय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पिछले 48 घंटों में 31 मरीजों की मौत हो गई। इनमें लगभग डेढ़ दर्जन बच्चे थे। दवाओं की कमी से हुई इस हृदयविदारक घटना से जहां सारा देश हतप्रभ है, वहीं अब तक वहां की सरकार न तो राहत पहुंचाती दिख रही है और न ही वह एक्शन मोड में आई है। अस्पताल प्रशासन भी एक तरह से हाथ पर हाथ धरे बैठा है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने मंगलवार एक कहा है कि सरकारी अस्पताल में मौतों का सिलसिला लगातार जारी है और सरकार को इसके लिए जिम्मेदारी तय करनी चाहिए। इस मामले को लेकर चौतरफा आलोचना झेल रहे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ किया है कि कोई भी कदम उठाने से पहले वे घटना के बाबत पूरी जानकारी लेंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने इसे सरकारी मशीनरी का पूरी तरह से नाकाम होना बताया है।

अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक श्यामराव वाकोड़े ने बताया कि अनेक ऐसे लोगों की मौतें हुई हैं जिन्हें सांपों ने काटा था या इसी तरह की तकलीफें थीं। अस्पताल को हाफकिन्स इंस्टिट्यूट से दवाएं खरीदनी थीं परन्तु अस्पताल के कई कर्मचारियों के स्थानांतरण के कारण वह नहीं हो सका। अस्पताल के डीन के साथ मरीजों के परिजनों द्वारा किये गये दुर्व्यवहार से वहां का स्टाफ भी बेहद नाराज़ है। फिलहाल अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज भर्ती हैं जिन्हें देखने वाला कोई नहीं हैं। बताया गया है कि वहां 70 से ज्यादा ऐसे मरीज भर्ती हैं जिनकी हालत गम्भीर है परन्तु दवाएं न मिलने और चिकित्सकों व स्टाफ की कमी से उनका इलाज नहीं हो पा रहा है। ऐसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। औरंगाबाद जिले से स्वास्थ्य अधिकारियों की एक कमेटी बनाई गई है जो वहां स्थिति का आकलन कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

उल्लेखनीय है कि यह घटना ऐसे वक्त पर हो रही है जब केवल दो माह पहले ठाणे जिले के कलवा अस्पताल में हुई घटना को लोग भूले नहीं हैं, जिसमें एक ही रात में 18 लोगों की मौत हो गई थी। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में भी यह मामला उठा। इस बदइंतजामी को लेकर कई मंत्री नाराज दिखे। बैठक में अजित पवार की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रहा क्योंकि अपने काम के मामले में अजित पवार बहुत नियमित व अनुशासनप्रिय माने जाते हैं। वे मुंबई में ही थे लेकिन बैठक में शामिल न होना बतलाता है कि वे भी इस मामले को लेकर अपनी ही सरकार से नाराज़ हैं। बड़ी बात नहीं होगी अगर यह विवाद बढ़ जाये।

पिछले दिनों मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री अजित पवार के बीच स्वास्थ्य विभाग क कामकाज को लेकर तनातनी हो गई थी। शिवसेना से अलग हुए एकनाथ शिंदे गुट व भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर बनी सरकार में एनसीपी के अजित पवार भी अपने कुछ साथियों के साथ शामिल हो गये थे। उन्होंने तंज कसते हुए शिंदे से पूछा था कि कलवा अस्पताल के अब क्या हाल हैं? शिंदे इस पर झेंप गये थे। मामला बढ़ने के पहले ही दूसरे उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस ने बीच-बचाव किया था। नांदेड़ का यह अस्पताल मेडिकल एजुकेशन के अंतर्गत संचालित होता है। इसके विभागीय मंत्री हसन मुशरिफ हैं जो अजित पवार गुट के हैं। दूसरी ओर अस्पतालों को दवाइयां एवं आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग का है। इसके मंत्री तानाजी सावंत हैं जो एकनाथ शिंदे गुट के हैं। नांदेड़ अस्पताल की इन मौतों ने दो मंत्रियों को भी आमने-सामने ला खड़ा किया है।

इस तरह देखें तो नांदेड़ में हुए मौत के तांडव के पीछे एक ही सरकार के भीतर कार्यरत दो अलग-अलग धड़ों के मंत्री हैं और उनमें से कोई भी न तो इस बेहद गम्भीर चूक का दोष स्वीकारने के लिये तैयार है और न ही मिलकर वहां की स्थिति सुधारने का इच्छुक दिखलाई पड़ता है। भाजपा के साथ मिलकर सरकार चला रहे दोनों ही गुट (शिवसेना का शिंदे गुट व एनसीपी का अजित पवार गुट) नांदेड़ में लोगों के आंसू पोंछने की बजाय मंत्रिमंडल विस्तार के मुद्दे को लेकर व्यस्त हैं। इसे लेकर शिंदे और फडनवीस की जल्दी ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात होने जा रही है। मंत्रिमंडल के 14 पद रिक्त हैं जिनके लिये तीनों ही धड़ों के बीच जोर आजमाईश जारी है। इसलिये सम्भव है कि मौजूदा दौर की क्रूर व निर्मोही राजनीति के पास नांदेड़ जैसे मामले पर ध्यान देने का वक्त ही न हो।

नांदेड़ अस्पताल में जो हुआ और हो रहा है, वह बहुत ही दर्दनाक है जो बतलाता है कि जिस तरह की जोड़-तोड़ से यह सरकार बनी है उसके पास कुशल प्रशासकीय क्षमता का अभाव तो है ही और जिस प्रकार से अलग-अलग धड़ों के मंत्रियों के बीच खींचतान हो रही है उससे भुगतना तो जनता को ही पड़ेगा। कलवा अस्पताल वाले मामले से कोई सबक न लेकर नांदेड़ अस्पताल जैसे कांड का इंतज़ार करने वाली महाराष्ट्र सरकार से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती क्योंकि उसके लिये लोगों की जान से बढ़कर सरकार बनाना और महत्वपूर्ण पद अपने धड़ों के विधायकों को दिलवाना मात्र है। फिर भी आशा की जाये कि सरकार वहां की स्थिति को तुरंत सम्भाले और लोगों को अकारण मौतों का शिकार होने से बचाये।

# कमजोर होती याददाश्त के खतरे

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

पिछले 9-10 सालों में हिंदुस्तानियों की याददाश्त काफी कमजोर हो गई है। इसकी क्या वैज्ञानिक, राजनैतिक और सामाजिक वजहें हैं, इनके कारणों की पड़ताल गंभीरता से करना चाहिए। क्योंकि याददाश्त कमजोर होने का खामियाजा पूरे देश को उठाना पड़ रहा है। अभी विदेश मंत्री एस.जयशंकर से अमेरिका में एक कार्यक्रम में मोदी सरकार में भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर सवाल उठाया गया था। जिसके जवाब में उन्होंने सवाल पूछने वाले से ही मांग कर दी कि मुझे भेदभाव दिखाओ। फिर जयशंकर ने अपने टालमटोल वाले जवाब में कहा कि निष्पक्ष और सुशासन या समाज के संतुलन की कसौटी क्या है? सुविधाओं, लाभों, पहुंच, और अधिकारों के मामले में आप भेदभाव करते हैं या नहीं, यही कसौटी होती है और दुनिया के हर समाज में, किसी न किसी आधार पर, कुछ न कुछ भेदभाव होता ही है।

हमारे विदेश मंत्री ज्ञानी व्यक्ति हैं, उनकी स्मरण शक्ति भी प्रखर ही होगी। लेकिन वो इस सितंबर को ही संसद के भीतर बसपा सांसद दानिश अली के लिए कहे गए अपशब्दों को कैसे भूल गए। क्या इसलिए कि संसद की मर्यादा तोड़ने और अपने विरोधी सांसद को अपशब्द कहने का काम भाजपा के सांसद ने किया। विदेश मंत्री यह भी भूल गए कि इस देश में किस तरह बाकायदा धर्मसंसदें आयोजित कर अल्पसंख्यकों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए समाज को उकसाया जाता रहा है। मणिपुर में हिंसा का तांडव पिछले पांच महीनों से जारी है, एस. जयशंकर इसे भी सुविधापूर्वक भूल गए। आखिर मणिपुर में अशांति पनपने की सबसे बड़ी वजह भेदभाव का डर ही तो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मणिपुर को भूले ही हुए हैं। वे देश के कई राज्यों में जा रहे हैं, खासकर चुनावी राज्यों में उनकी आमदरफ्त बढ़ गई है। लेकिन मणिपुर जाने का रास्ता उन्हें याद ही नहीं आ रहा। श्री मोदी से भी अमेरिका यात्रा के वक्त हुई प्रेस कांफ्रेंस में अल्पसंख्यकों से भेदभाव का सवाल वॉल स्ट्रीट जर्नल की पत्रकार सबरीना ने पूछा था। और तब भी इसी तरह का गोलमोल जवाब श्री मोदी ने दिया था। उन्होंने कहा था कि मुझे वास्तव में आश्चर्य होता है जब लोग ऐसा कहते हैं। भारत तो लोकतंत्र है ही। लोकतंत्र हमारी रगों में है। हम लोकतंत्र जीते हैं। हमारे पूर्वजों ने इस बात को शब्दों में ढाला है। ये हमारा संविधान है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों को ध्यान में रखकर बनाए गए संविधान पर ही चलती है। सवाल हुआ था धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले भेदभाव पर और सवाल को भुलाते हुए श्री मोदी संविधान और लोकतंत्र की दुहाई देने लगे। अब ऐसा किया ही था तो कुछ समय तो उस बात पर टिके रहते। जून में दिए गए इस जवाब के तीन ही महीने बाद संसद के भीतर उनकी पार्टी के एक सांसद ने दूसरी पार्टी के सांसद को अपशब्द कहे और तब प्रधानमंत्री को न संविधान याद आया, न लोकतंत्र। उन्होंने इस घटना पर आज तक कुछ नहीं कहा, जबकि पीड़ित सांसद दानिश अली ने उन्हें खत लिखकर कहा भी कि आपकी चुप्पी को दुनिया देख रही है। लेकिन सत्ता मद में शायद मोदीजी को दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा भी याद नहीं रही है।

श्री मोदी और उनके विदेश मंत्री श्री जयशंकर ने जिस तरह अमेरिका जाकर धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले भेदभाव की बात को नकार दिया है, यह उनकी कमजोर होती स्मरण शक्ति की निशानी है या फिर राजनैतिक मजबूरी, इस बारे में वही बेहतर बता सकते हैं। अभी श्री मोदी राजस्थान चुनाव प्रचार के लिए चित्तौड़गढ़ गए तो वहां उन्हें उदयपुर में नफरत का शिकार बने दर्जी कन्हैयालाल की याद आ गई। लेकिन उन्हें इसी राजस्थान में ऐसी ही बेरहमी से मारे गए मजदूर मो. अफराजुल की याद नहीं आई। उन्हें पिछले 9 सालों में इसी तरह की नफरत का शिकार बने और निर्दोष लोग याद नहीं आए। बात करनी ही थी, तो प्रधानमंत्री ऐसी हरेक हत्या पर अफसोस जताते, लेकिन उन्होंने यहां चुनावी हिसाब से घटना को याद किया। याददाश्त का कमजोर पड़ना बुरा है, लेकिन सुविधा के हिसाब के कुछ बातों का याद आना और कुछ का भूल जाना और भी बुरा है।

प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस.जयशंकर से अगर भविष्य में फिर अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव पर सवाल किया जाए, तो उनके लिए एक प्रसंग गुजरात से उपस्थित हुआ है। जहां एक स्कूल में हिंदू छात्रों को नमाज पढ़ाने के आरोप पर दक्षिणपंथी लोगों ने प्रदर्शन किया और इसमें एक शिक्षक की पिटाई भी कर दी। अहमदाबाद के कैरोलेक्स फ्यूचर स्कूल में 29 सितंबर की ये घटना बताई जा रही है, जिस पर सरकार ने जांच के आदेश दे दिए हैं। स्कूल प्रशासन ने इस घटना पर माफी तो मांग ही ली है, साथ ही बताया है कि किसी भी छात्र को नमाज पढ़ने के लिए जबरदस्ती नहीं की गई थी। बल्कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न धर्मों की प्रथाओं से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम का एक वीडियो भी फेसबुक पर डाला गया था, जिस में बच्चे लब पे आती है दुआ, गाते हुए दिखते हैं। इकबाल की इस मशहूर प्रार्थना को करवाने पर बरेली के एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षक को निलंबित कर दिया गया था। अब इसी प्रार्थना और नमाज पढ़ने पर गुजरात में दक्षिणपंथियों को तो कानून हाथ में लेने का मौका मिल गया। गौर से देखा जाए तो ऐसे कार्यक्रम में कुछ भी गैरकानूनी नहीं है, क्योंकि सर्वधर्म सद्भाव तो इस देश की नींव में रहा है और स्कूल इसे ही मजबूत कर रहा था। देश के कई सरकारी और निजी स्कूलों में गायत्री मंत्र बच्चों से पढ़वाया जाता है। कई जगहों पर बोर्ड परीक्षाओं के पहले हवन तक होते हैं। लेकिन तब कोई सवाल नहीं उठते, क्योंकि बहुसंख्यकों का धर्म होने के कारण हिंदुओं के तौर-तरीकों को सहज स्वीकार्य मान लिया गया है। जिन लोगों ने हिंदू छात्रों के नमाज पढ़ने पर आपत्ति की, ऐसे ही लोगों को अस्पताल या मॉल या स्टेशन पर नमाज पढ़ते लोगों से भी आपत्ति होती है। मगर पूरी सड़क घेर कर दुर्गा या गणेश के पंडाल लगाए जाएं, दिन-रात कानफोड़ू संगीत बजाया जाए, रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट या बीच चौराहे पर घेरा बनाकर गरबा किया जाए, तब किसी को आपत्ति नहीं होती। गुजरात के शिक्षा मंत्री प्रफुल्ल पनशेरिया ने कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि स्कूल में ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर कुछ लोग राज्य का शांतिपूर्ण माहौल खराब करना चाहते हैं। मंत्री महोदय की राय में शांतिपूर्ण माहौल की परिभाषा क्या है और नमाज कैसे पढ़ी जाती है, इसे सिखाने पर माहौल कैसे खराब होता है, ये समझना कठिन नहीं है। शायद शिक्षा मंत्री की याददाश्त से बिलकिस बानो प्रकरण मिट चुका है। जहां बलात्कार और हत्या के दोषियों की रिहाई होती है और फिर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया जाता है। उन्हें संस्कारी बताया जाता है। ऐसे संस्कारी लोगों से माहौल खराब होता है या दूसरे धर्म के तौर-तरीकों को सीखने से, यह सवाल अगर याद रह जाए, तो भाजपा सरकार के मंत्रियों को इसका जवाब ढूंढने की कोशिश करना चाहिए देश में याददाश्त कमजोर करने में बड़ी भूमिका मुख्यधारा का मीडिया भी निभा रहा है। जो हर दिन सुबह-शाम नए-नए पैंतरों में लिपटी खबरों का धमाका करता है। एक खबर को लोग याद रखें या उस पर चर्चा करें, उससे पहले कोई नयी खबर आ जाती है। अगर खबर सत्ताविरोधी हुई, तब तो उसे भुलाने के लिए एलियंस या अवतारी पुरुषों को दिखाने से बी मीडिया परहेज नहीं करता। इस मीडिया की फिक्र यही है कि जनता को भूले से भी सरकार की कोई कमजोरी, कोई पुराना वादा, कोई गलती याद न रहे। केवल ये याद रहे कि असली आजादी 2014 के बाद मिली और देश का विकास 2047 तक हो जाएगा। भुलाने और भुलावे के इस खेल में अपनी याददाश्त कैसे दुरुस्त रखना है, ये जनता खुद तय करे।

> **देश के कई सरकारी और निजी स्कूलों में गायत्री मंत्र बच्चों से पढ़वाया जाता है। कई जगहों पर बोर्ड परीक्षाओं के पहले हवन तक होते हैं। लेकिन तब कोई सवाल नहीं उठते, क्योंकि बहुसंख्यकों का धर्म होने के कारण हिंदुओं के तौर-तरीकों को सहज स्वीकार्य मान लिया गया है। जिन लोगों ने हिंदू छात्रों के नमाज पढ़ने पर आपत्ति की, ऐसे ही लोगों को अस्पताल या मॉल या स्टेशन पर नमाज पढ़ते लोगों से भी आपत्ति होती है।**

# लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रही है चुनावी बांड पर निर्णय में देरी

■ नित्य चक्रवर्ती

एक बार फिर भारत सरकार ने 4 अक्टूबर से दस दिनों तक चलने वाले चुनावी बांड की 28वीं किश्त की बिक्री को मंजूरी दे दी है और हमेशा की तरह ऐसा ठीक चुनावों के पहले किया जा रहा है जब पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कुछ हफ्ते ही रह गये हैं। इस बार भी भाजपा को अपने चुनाव अभियान में एक और बड़ा इनाम मिलेगा क्योंकि लगभग 80 से 90 प्रतिशत धन सत्तारूढ़ पार्टी को जाता है। केंद्र शर्मनाक तरीके से मौजूदा चुनावी बांड नियमों को अन्य विपक्षी दलों की कीमत पर भाजपा के पक्ष में इस्तेमाल करने की इजाजत दे रहा है लेकिन फिर भी सुप्रीम कोर्ट अब भी उस याचिका पर सुनवाई में देरी कर रहा है जो लंबे समय से लंबित है।

मूल चुनावी बांड योजना 2017 को 2018 में कई याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती थी। लेकिन इस साल अप्रैल में ही, मुख्य न्यायाधीश डॉ डीवाई चंद्रचूड़ ने संकेत दिया था कि वह सुनवाई के लिए पांच सदस्यीय संविधान पीठ की स्थापना के बारे में फैसला करेंगे। याचिकाएं पर उसके बाद कोई सुनवाई नहीं हुई।

चुनावी बांड की 25वीं किश्त के मामले में, नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले साल 7 नवंबर को चुनावी बांड योजना के नियमों में जल्दबाजी में संशोधन करके औचित्य का उल्लंघन किया, ताकि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव होने वाले वर्ष के दौरान अतिरिक्त पंद्रह दिनों के लिए बिक्री की अनुमति दी जा सके।

नियमों के अनुसार, बांड जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर के महीनों में 10 दिनों की अवधि के लिए खरीद के लिए उपलब्ध हैं। आम चुनाव के वर्षों में 30 दिनों की अतिरिक्त अवधि की अनुमति है। अब नवीनतम संशोधन के माध्यम से, केंद्र ने पिछले साल हिमाचल और गुजरात में विधानसभा चुनावों से पहले नवंबर 2022 में एक और किश्त की अनुमति दी।

जनवरी 2018 में चुनावी बांड की बिक्री शुरू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में, भाजपा ने कर्नाटक, मध्यप्रदेश में राज्य सरकारों को अस्थिर करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किये हैं और गोवा और मणिपुर में सरकार बनाने के लिए विधायकों को खरीदा है। महाराष्ट्र में, यह दिन के उजाले की तरह स्पष्ट था कि जुलाई 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से एकनाथ शिंदे समूह के दलबदल को सुनिश्चित करने के लिए भारी धनराशि जुटाई गई थी।

इसके बाद वहां शिंदे-भाजपा की सरकार बनी। विपक्षी सरकारों को अस्थिर करने के इन सभी कदमों में, भाजपा ने कॉर्पोरेट दान, चुनावी बांड के पैसे के साथ-साथ विदेशी दान के माध्यम से जुटाये गये अपने विशाल उपलब्ध धन का उपयोग किया। कॉरपोरेट्स के चुनावी ट्रस्टों ने भी राजनीतिक दलों को धन दिया और वहां भी, भाजपा ने हाल के वर्षों में 80 प्रतिशत से अधिक धन जुटाया।

बॉन्ड या पोल ट्रस्ट से फंडिंग करना भाजपा के लिए एक रास्ता है क्योंकि जो कंपनियां दान देती हैं वे केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी को नाराज नहीं करना चाहती हैं और आईटी विभाग, सीबीआई या ईडी के माध्यम से कार्रवाई को आमंत्रित नहीं करना चाहती हैं। यह तब स्पष्ट हुआ जब बजाज परिवार के वंशज राजीव बजाज पिछले साल राहुल गांधी के साथ बातचीत के बाद केंद्रीय एजेंसियों द्वारा संभावित प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के प्रति आशंकित थे। भारतीय कॉरपोरेट्स के बीच यह डर इतना जबरदस्त है कि औद्योगिक घरानों के युवा वंशज, जो दूरदर्शी हैं और भाजपा को पसंद नहीं करते हैं, चुप रहते हैं क्योंकि वे सिर्फ कुछ उदारवादियों के लिए अपनी कंपनियों के भविष्य को जोखिम में डालने के लिए तैयार नहीं हैं।

कुल मिलाकर नतीजा यह है कि चुनावों में बराबरी का कोई मौका नहीं है। विपक्षी दलों की तुलना में भाजपा दस गुना से भी ज्यादा पैसा खर्च करने की स्थिति में है। जरूरत पड़ने पर दल-बदल कराने के लिए इसके पास एक विशाल युद्ध संदूक है।

नरेंद्र मोदी शासन के पिछले नौ वर्षों में, भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र में धन का असामान्य संकेंद्रण हुआ है। एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि भारत की बीस सबसे अधिक लाभदायक कंपनियों ने 1990 में कुल कॉर्पोरेट मुनाफे का 14 प्रतिशत, 2010 में 30प्रतिशत और 2019 में 70प्रतिशत अर्जित किया।

इसका मतलब यह है कि नरेंद्र मोदी के शासन के पहले पांच वर्षों के दौरान कुछ कॉर्पोरेट घरानों में धन के संकेंद्रण में भारी उछाल आया। पिछले चार वर्षों में यह प्रक्रिया और तेज हुई है। यह सत्तारूढ़ दल भाजपा और बड़े उद्योगपतियों के बीच मैत्रीपूर्ण सहयोग का परिणाम है, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्तमान शासन के दौरान लाभ हुआ है।

विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटकों को भारतीय धनी पूंजीपतियों और नरेंद्र मोदी शासन के बीच इस बदले की भावना पर ध्यान केंद्रित करना होगा और इस बात की जांच की मांग करनी होगी कि कैसे बड़े कॉरपोरेट अपनी दीर्घकालिक व्यवस्था के एक हिस्से के रूप में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा को वित्त पोषित कर रहे हैं।

उनके कानूनी विशेषज्ञों को सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका की शीघ्र सुनवाई पर जोर देना चाहिए ताकि विद्वान न्यायाधीश कम से कम अंतिम निपटान तक चुनावी बांड योजना पर रोक लगाने का आदेश दे सकें। चुनाव लड़ने वाले दलों के बीच समान अवसर स्थापित करके देश में लोकतंत्र को कायम रखने के लिए यह जरूरी है।

> **चुनावी बांड की 25वीं किश्त के मामले में, नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले साल 7 नवंबर को चुनावी बांड योजना के नियमों में जल्दबाजी में संशोधन करके औचित्य का उल्लंघन किया, ताकि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव होने वाले वर्ष के दौरान अतिरिक्त पंद्रह दिनों के लिए बिक्री की अनुमति दी जा सके।**

## पावन प्रसंग

# युवाओं को दी नई दिशा

आंखों में उम्मीद के,सपने. नई उड़ान भरता हुआ मन, कुछ कर दिखाने का दमखम और दुनिया को अपनी मुट्ठी में करने का साहस रखने वाला युवा कहा जाता है। युवा शब्द ही मन में उड़ान और उमंग पैदा करता है। उम्र का यही दौर वह दौर है, जब न केवल उस युवा का बल्कि उसके राष्ट्र का भविष्य तय किया जा सकता है। आज के भारत को युवा भारत कहा जाता है; क्योंकि हमारे देश में असंभव को संभव में बदलने वाले युवाओं की संख्या सर्वाधिक है। आंकड़ों के अनुसार भारत की 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष आयु तक के युवकों की और 25 साल तक की उम्र के नौजवानों की संख्या 50 प्रतिशत से भी अधिक है। ऐसे में यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि युवाशक्ति वरदान है या चुनौती? महत्वपूर्ण इसलिए भी कि यदि युवाशक्ति का सही दिशा में उपयोग न किया जाए तो इनका जरा सा भी भटकाव राष्ट्र के भविष्य को अनिश्चित कर सकता है। आज का एक सत्य यह भी है कि युवा बहुत मनमानी करते हैं और किसी की सुनते नहीं। दिशाहीनता की इस स्थिति में युवाओं की ऊर्जा नकारात्मक दिशा में भटकाव होता जा रहा है। लक्ष्यहीनता के माहौल ने युवाओं को इतना दिग्भ्रमित करके रख दिया है कि उन्हें सूझ ही नहीं पड़ रहा कि करना क्या है, हो क्या रहा है और आखिर उनका होगा क्या?

आज से दो-तीन दशक पूर्व तक साधन-सुविघाओं से दूर रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों में 'सुखार्थिन: कुतो विद्या, विद्यार्थिन: कुतो सुखम्' के भावों के साथ जीवन निर्माण की परंपरा बनी हुई थी और ऐसे में जो पीढ़ियां हाल के वर्षों में नाम कमा पाई हैं, अब ऐसा संभव नहीं। धैर्य की कमी, आत्मकेंद्रिता, नशा, लालच, हिंसाआदि बातें जैसे उनके स्वभाव का अंग बनती जा रही हैं। नशे से युवाओं की असमय मृत्यु चिंताजनक बात हो गई है। जानकारी के अनुसार आजकल के बालकों को मित्र मंडली उन तमाम व्यसनों से घिरी थी, जिसे अब बुरा नहीं, आधुनिकता का पर्याय माना जाता है।

आजकल के किशोर स्कूली छात्र की उम्र में नशे के आदी हो जाते हैं। पिता अपने कार्य में व्यस्त रहते हैं, इसलिए पुत्र को पर्याप्त समय नहीं दे पाते। परिणाम ऐसा भयंकर आता है कि वे अपने पुत्रों से वंचित हो जाते हैं। केवल एक बालक की बात नहीं, एक ताजा शोध के अनुसार अब युवा अधिक रुखे स्वभाव के भी हो गए हैं। वे किसी से घुलते-मिलते नहीं।

इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग के इस युग में रोजमर्रा की जिंदगी में आमने-सामने के लोगों से रिश्ते जोड़ने की अहमियत कम हो गई है। क्या यह सत्य नहीं कि आज की पीढ़ी जो कुछ सीख पाई है, उसमें हमारा दोष सर्वाधिक है। इन परिवेशीय हालातों में अंकुरित और पल्लवित नई पीढ़ी को न संस्कारों की खाद मिल पाई, न स्वस्थ विकास के लिए जरूरी वातावरण। मिला सिर्फ प्रदूषित माहौल और नकारात्मक भावभूमि। आज का युवा अधिकतर मामलों में नकारात्मक मानसिकता के साथ जीने लगा है।

उसे दूर-दूर तक कहीं कोई रोशनी की किरण नजर नहीं आ रही है। वर्तमान स्थिति के लिए हमारे स्वार्थ और समझौते जिम्मेदार हैं, जिनकी वजह से हमने सिद्धांतों को छोड़, आदर्शों से किनारा कर लिया और नैतिक मूल्य तक दांव पर लगा दिए। वह भी किसलिए? सिर्फ और सिर्फ अपनी वाहवाही कराने या अपने नाम से माल बनाने। हालात भयावह होते जा रहे हैं, हमें इसका अंदाजा नहीं लग पा रहा है, क्योंकि हमारी बुद्धि कुंद हो गई है। यदि आज वे नहीं चेत पाते तो कल अवश्य बहुत देर हो जाएगी। युवाओं को अपनी संस्कृति एवं मूल्यों के साथ जोड़ने की आवश्यकता है, ताकि वे स्वयं के प्रति सचेष्ट एवं जागरुक एवं विकासोन्मुखी हो सकें।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# कृषि प्रधान देश में बेरोज़गार किसान

किसी देश के विकास में आने वाली समस्याओं में एक प्रमुख समस्या बेरोज़गारी है। भारत जैसे विशाल देश में आज भी कई छोटे- छोटे गांव ऐसे हैं जहां नौजवानों की एक बड़ी आबादी बेरोज़गार है। नौकरी के लिए या तो उनके पास कोई स्त्रोत नहीं है या फिर उन्हें शहरों के लिए पलायन करनी पड़ रही है। देश की बढ़ती जनसंख्या कारण रोज़गार की मांग में भी दिन-ब-दिन इज़ाफ़ा होता जा रहा है। लोगों को पर्याप्त रोज़गार नहीं मिलने का एक परिणाम यह भी है कि देश में गरीबी का आंकड़ा संतोषजनक रूप से कम नहीं हो रहा है। वर्तमान में, एक तरफ जहां भारत विश्व मानचित्र पर विकसित देश के रूप में उभर रहा है, वहीं दूसरी ओर इसी देश के छोटे छोटे गांवों में लोग आज भी खेती और पशुपालन पर ही निर्भर हैं। अब तो जलवायु परिवर्तन का प्रभाव खेती में भी दिखने लगा है। जहां पहले की अपेक्षा खेती में उत्पादन प्रभावित होने लगा है।

इसकी एक मिसाल राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर गांव भी है। पहले से ही गर्मी और सूखे की मार झेल रहे इस गांव के किसानों के खेत पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने के कारण सूख रहे हैं। जिसके कारण खेती का काम प्रभावित हो रहा है और पूरी मेहनत के बावजूद उन्हें उनकी फसल की लागत भी नहीं मिल पा रहा है। इसका सबसे अधिक प्रभाव आर्थिक रूप से छोटे स्तर के किसानों को हो रहा है जो खेती के साथ-साथ परिवार का पेट पालने के लिए दिहाड़ी मज़दूर के रूप में भी काम करने को मजबूर हैं। इस गांव में लगभग 130 घर हैं। जिनमें केवल 2-3 घर ही ऐसे हैं जिनके सदस्य सरकारी नौकरी में हैं। शेष सभी या तो खेती का काम करते हैं अथवा पशुपालन के माध्यम से आय अर्जित करते हैं। गांव वालों के अनुसार साल में केवल एक बार जुलाई से अक्टूबर माह के दौरान वह खेती से जुड़े काम करते हैं और अक्टूबर में फसल कटाई के बाद बेरोज़गारी की समस्या से जूझते हैं। लेकिन इसमें भी एक मुख्य समस्या यह है कि साल में एक बार हो रही खेती पूरी तरह से वर्षा पर निर्भर करती है। यदि समय पर बारिश न हुई तो फसल पूरी तरह से तबाह होने के कगार पर पहुंच जाती है। आर्थिक रूप से संपन्न कुछ किसान तो इस दौरान खेतों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था कर लेते हैं, लेकिन छोटे स्तर के किसान को आर्थिक नुकसान के अलावा कुछ नहीं मिलता है और न ही उनके पास रोज़गार के ऐसे दूसरे साधन होते हैं जिससे वह अपने आर्थिक नुकसान की भरपाई कर सकें। गांव के ही एक किसान प्रभुराम शर्मा कहते हैं कि यदि लूणकरणसर में कोई उद्योग स्थापित हो जाए तो छोटे स्तर के किसानों के लिए आय का दूसरा स्त्रोत खुल सकता है। कृषि से कम आमदनी और रोज़गार की कमी का प्रभाव गांव की महिलाओं और किशोरियों के जीवन पर भी पड़ रहा है। कई महिलाएं और किशोरियां घर की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सिलाई का काम करती हैं। गांव की गीता कहती है कि उसके पिता कृषि का काम करते हैं, लेकिन खेती से इतनी आमदनी नहीं हो पाती है कि साल भर घर का खर्च निकल सके। ऐसे में उसे अपनी पढ़ाई छोड़कर सिलाई का काम शुरू करना पड़ा। वह गांव की महिलाओं के कपड़े सिलकर महीने में दो हज़ार रूपए तक कमा लेती है और घर की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने में मदद करती है। वह कहती है कि गांव की आबादी छोटी होने के कारण उसे सिलाई में भी बहुत अधिक लाभ नहीं मिल पाता है। अलबत्ता शादी विवाह और तीज त्यौहार के मौसम में उसे कपड़े सिलकर आठ हज़ार रूपए तक की अच्छी आमदनी हो जाती है। घर के आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए गीता का भाई भी शहर में नौकरी करता है।

बहरहाल, राजस्थान के किसानों की समस्या का हल ज़रूरी है क्योंकि एक तरफ जहां इससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी वहीं गांव भी सशक्त बनेगा। ऐसे में ज़रूरी है कि उनकी समस्याओं का स्थायी हल निकाला जाए। बारिश की कमी को पूरा करने के लिए अन्य विकल्पों पर ध्यान दिया जाए ताकि किसानों को कृषि छोड़कर मज़दूरी न करनी पड़े। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देगी।

**मनीषा / मोनिका, लूणकरणसर, राजस्थान**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### पटेल निर्विरोध हिउस अध्यक्ष बने



**गैरतगंज, देशबन्धु।** हिन्दू उत्सव समिति के चुनावों में वरिष्ठ समाजसेवी देवेंद्र पटेल कस्बा को निर्विरोध रूप से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके पूर्व टेकापार हनुमान मंदिर पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दू उत्सव समिति के संरक्षक मंडल एवं श्रीराम जानकी मंदिर समिति ने आपसी सहमति से उक्त निर्णय लिया। इस दौरान संरक्षक मंडल से सुरेश नायक, हरिकृष्ण गौर, जवाहर चंद्रवंशी, रामकृपाल श्रीवास्तव, मुकेश शर्मा, श्रीराम ठाकुर, संतोष राय, अशोक ठाकुर मामा, गगन राजपूत, मानसिंह भूरा, राजीव पचौली, संटी सरदार विशेष रुप से मौजूद रहे। अध्यक्ष पद पर मनोनयन पर पटेल को अनेक लोगों ने बधाइयां दी है।

### मतदाता सूची का प्रकाशन, जिले में 45338 मतदाता बढ़े

**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर श्री दुबे द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन करते हुए उपस्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को प्रकाशित मतदाता सूची की प्रतियां वितरित की गई। बैठक में कलेक्टर दुबे ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन किया जा रहा है। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को बताया कि मतदाता सूची में सभी वयस्क नागरिकों के नाम दर्ज हो, इसके लिए संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया गया तथा जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गई। जिनके परिणामस्वरूप जिले में 45338 मतदाताओं के नाम बढ़े हैं। इनमें 17382 पुरूष मतदाता तथा 27957 महिला मतदाता शामिल हैं।

### बेरोजगारी दूर करने पढ़ाई के साथ रोज़गार भी अपनाएं:तरुण यादव



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** अनेक देश ऐसे भी हैं जहां बेरोजगारी की दर बहुत कम है। क्योंकि यहां के नागरिक स्वयं के उद्योग धंधे करते हैं। हमें भी इसका अनुकरण करना चाहिए। भारत के युवाओं को भी चाहिए कि वह पढ़ाई के साथ स्वयं के रोजगार भी करे। यह बात स्वावलंबी भारत अभियान के पूर्णकालिक विभाग प्रमुख तरुण यादव ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को संबोधित करते हुए उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि भारत में मात्र चार प्रतिशत लोगों के लिए ही सरकारी नौकरियां है। पिछले आठ वर्षो के आंकड़ों को देखे तो केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निकाली गई 7 लाख 22 हजार नौकरियों पर 28 करोड़ युवाओं ने आवेदन दिए थे। 300 प्रतिभागियों में से एक को ही नौकरी मिल सकेगी। इसलिए विद्यार्थी को शासकीय नौकरी का मोह त्यागना होगा। कार्यक्रम के दौरान स्वावलंबी भारत अभियान के जिला टोली सदस्य परसराम दुबे ने प्रस्तावना रख कर अभियान की जानकारी से छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजन से की गई।

# अब ग्रामीणों को उपचार के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं: डॉ. चौधरी

▸ स्वास्थ्य मंत्री ने खरबई में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का किया लोकार्पण



**रायसेन, देशबन्धु।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा सांची विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खरबई में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना राशि वितरण कार्यक्रम का कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने यहां 143 लाख रुपए की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन खरबई का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि पहले खरबई और आसपास के गांव के ग्रामीणों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी रायसेन या भोपाल जाना पड़ता था। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अनेक प्रकार की बीमारियों की निःशुल्क जांच होगी और दवाईयां भी निःशुल्क मिलेगी। अब ग्रामीणों को इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया। हम स्वस्थ्य रहेंगे तो सभी कार्य अच्छे से होंगे, जीवन में खुशी और आनंद बना रहेगा। स्वास्थ्य मंत्री का दायित्व मिलने के बाद उन्होंने गांव-गांव में स्वास्थ्य केन्द्र खोले हैं। जिनमें ग्रामीणों को त्वरित और बेहतर उपचार मिल रहा है। गांव में ही स्वास्थ्य केन्द्र होने से बीमारी के शुरूआती लक्षण दिखने पर ही जांच हो जाती है और उपचार भी प्रारंभ हो जाता है। पहले परिवार में एक बड़ी राशि इलाज में खर्च होती थी। अब गाँवों में ही निःशुल्क उपचार मिल रहा है। सिविल अस्पताल और जिला अस्पताल में भी बड़े-बड़े निजी अस्पतालों से अच्छे स्वास्थ्य उपकरण और सुविधाएं हैं। इसके बाद भी अगर किसी को निजी अस्पताल में इलाज करवाना जरूरी हो तो, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से एक साल में पांच लाख रू तक का इलाज निजी अस्पताल में निःशुल्क कराने की सुविधा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने लाड़ली बहनों तथा नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बुरहानपुर से प्रदेश की एक करोड़ 31 लाख बहनों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 1597 करोड़ रू की राशि अंतरित की है। रायसेन जिले की भी 02 लाख 53 हजार 679 लाड़ली बहनों के बैंक खाते में 30 करोड़ 94 लाख 68 हजार 550 रू की राशि अंतरित हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, महिलाओं के सशक्तिकरण और आर्थिक समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लाड़ली बहना योजना से बहनों के जीवन में बदलाव आ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना, लाड़ली बहना आवास योजना, किसान कल्याण योजना सहित अनेक योजनाओं का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपक संकत तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**78 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन आज:** स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी 5 अक्टूबर को सांची विधानसभा क्षेत्र में लगभग 78 करोड़ रू से अधिक राशि के विभिन्न कार्यो का लोकार्पण तथा भूमिपूजन करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी प्रातः 9 बजे भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे ग्राम बरजोरपुर पहुचेंगे तथा 219.34 लाख रू लागत से बनने वाले 1.7 किमी लम्बे बरजोरपुर सरार मार्ग का भूमिपूजन करेंगे। इसके पश्चात स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी प्रातः 11.30 बजे सांची पहुचेंगे यहां सिविल अस्पताल परिसर में 792.30 लाख रू लागत से सिविल अस्पताल सांची को 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांची का उन्नयन 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल सांची के नवनिर्मित उन्नत भवन का लोकार्पण करेंगे।

पुलिस ने दर्ज किया मामला, घायलों को भेजा अस्पताल

# 2 पक्षों में विवाद के बाद चले हथियार, 2 घायल





**गैरतगंज, देशबन्धु।** नगर के वार्ड 10 पाठा मोहल्ला में बुधवार को दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। संघर्ष के दौरान हुए झगड़े में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस घटना में 2 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक पाठा मोहल्ला में रहने वाले एक पक्ष के अबरार शाह एवं आसिफ शाह एवं दूसरे पक्ष के टीपू सुल्तान एवं अलीम के बीच किसी बात को लेकर जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि धारदार हथियारों का प्रयोग किया गया। झगड़े में टीपू सुलतान और अलीम गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। घटनाक्रम दोपहर 3 बजे का है। इस घटना के बाद आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने घायल युवकों को गैरतगंज अस्पताल इलाज के लिए भेजा तथा हालत गंभीर होने पर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने झगड़े में शामिल एक पक्ष के अबरार एवं आसिफ के विरुद्ध मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है तथा जान से मारने के प्रयास की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं दूसरे पक्ष के टीपू सुलतान और अलीम के खिलाफ मारपीट एवं गाली गलौच की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपनिरीक्षक सुनंदा खरे ने बताया कि झगड़े की इस घटना में पुलिस द्वारा समुचित कार्रवाई की जा रही है।

# लायंस क्लब ने किया नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन



▸ 126 नेत्र रोगियो की जांच में 17 को निकाल मोतियाबिंद

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** स्थानीय मेल रोड सद्गुरू विजन सेंटर पर लायंस क्लब द्वारा सेवा सप्ताह के दौरान मोतियाबिंद निवारण शिविर का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले की उपस्थिति में किया गया। जिसमें आनन्दपुर के नेत्र चिकित्सक डाक्टर राजकरण वर्मा ने उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताएं। इस अवसर पर लायंस क्लब की अध्यक्ष लायन मनीषा गोयल द्वारा मरीज़ों एवं उनके परिजनों को फल एवं बिस्किट का वितरण भी किया गया। मनीषा गोयल ने बताया की सेवा सप्ताह के दौरान डायबिटीज़, गो़ सेवा, वृद्ध जनों का सम्मान, छात्रों एवं छात्राओं के बीच में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जेवेगा। समाजसेवी सुनील बाबू पिंगल ने कहा की नेत्र रोगियों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का काम है।

स्व. सद्गुरू दास महाराज के आशीर्वाद एवं कृपा से संस्था द्वारा प्रतिवर्ष 40 हजार से भी अधिक आपरेशन निःशुल्क किए जाते है। शिविर में126 मरीजों की जांच 17 मरीज़ों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया 84 मरीज़ों को दवाइयां दी गई। 13 मरीज़ों को चशमा प्रदान किये गये। 19 मरीज़ों को चशमा के नंबर निकालने की सलाह दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष लायन मनीषा गोयल एवं लायन निक्की गर्ग, लायन चद्रकांता दीक्षित एवं नीतेश राय, नरेंद्र रघुवंशी आदि शामिल हुए।

# निजी स्कूल एसोसिएशन की फोन डायरेक्टरी का विमोचन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** बरेठ रोड स्थित दाज्जी प्लाजा बैंक्विट हाल में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की फोन डायरेक्टरी का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी ने बताया कि इस फोन डायरेक्टरी में गंज बासौदा ब्लाक के समस्त प्राइवेट स्कूल के फोन नंबर, डाइस कोड ,मेल आईडी एवं स्कूलों पता प्रकाशित किया गया अन्य सभी अति आवश्यक नंबर नगर के हमारे नोडल अधिकारी, शिक्षा विभाग एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के नंबर उपलब्ध है। यह सभी साथियों को निशुल्क उपलब्ध है। उक्त आयोजन में अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के पूर्व केंद्रीय सह मंत्री राजेश तिवारी राजेश माथुर, वरिष्ठ समाजसेवी कांति भाई शाह, नगर पालिका उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, सदस्य जिला पंचायत गायत्री रघुवंशी, भाजपा नेत्री रीता देवी भावसार, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा रोहित भावसार उपस्थित रहे एसोसिएशन के संरक्षक मंडल के केएस यादव प्रणय जैन डा. ए के जैन राम कृष्ण रघुवंशी अनिल श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉल्फिन स्कूल के प्राचार्य स्व.रमेश शर्मा को सभी स्कूल संचालकों ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं उन्हें श्रद्धांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के सचिव मयंक शाह उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव,वेद प्रकाश शर्मा, राजेश राय माथुर ,भारत सिंह मौर्य, कोषाध्यक्ष सतीश मैथल, महामंत्री जगदीश यादव मनोज कुशवाहा मीडिया प्रभारी श्याम तिवारी बृजेश राठौर आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 40 हजार की शराब जप्त



**सिरोंज, देशबन्धु।** पुलिस की टीम बनाकर अवैध शराब पर कार्रवाई की गई । जिसमें सउनि प्रेमनारायण शर्मा द्वारा नहर के पास बासोदा नाका सिरोंज 98 क्वाटर आरोपी लख्मीचंद 52 साल निवासी लटेरी रोड मधुसूदनगढ जिला गुना से जप्त किये, प्र.आर. रघुवीर मीणा द्वारा कागदीपुरा कलारी के पास सिरोंज से 92 क्वाटर आरोपी राजेशप्रसाद साहू 39 साल नि. भीखही थाना छतरपुर हाल अलीगंज पहाड सिरोंज, प्र.आर. खुशीलाल द्वारा नहर के पास बासोदा नाका सिरोंज से 45 क्वाटर पावर विस्की आरोपी प्रकाश यादव 29 साल नि. शमशाबाद हाल हाजीपुर सिरोंज , सउनि हरीश ठाकुर द्वारा यादव ढाबा आरोन रोड ग्राम बडेरा सिरोंज 50 क्वाटर प्लेन 40 मशाला एवं 23 बीयर केन, 8 बीयर हन्टर भैरों सिंह 44 साल नि. सोनपुरा ,सउनि विनोद रघुवंशी द्वारा साहू ढाबे के पास, भोपाल रोड सिरोंज से 28 क्वाटर मशाला लाल पावर के रिंकू साहू 30 साल नयापुरा सिरोंज से जप्त किये। इस कार्रवाई में उक्त टीमों द्वारा अलग अलग पांच स्थानों से 353 क्वाटर प्लेन एवं मशाला, 23 बीयर केन, 8 बीयर की जप्त कर की गई। जिसकी कीमत करीबन 40750 रूपये है। इस कार्रवाई में निरी. संदीप कुमार पवार, सउनि. विनोद रघुवंशी, सउनि प्रेमनारायण शर्मा, सउनि हरीश ठाकुर , प्र.आर. रघुवीर मीणा, प्र.आर. खुशीलाल दांगी की प्रमुख भूमिका रही।

# केन-बेतवा लिंक परियोजना बुंदेलखंड की युगांतकारी परिवर्तन-वाहिनी

• **विष्णु दत्त शर्मा**



बुंदेलखंड की दो दशक पुरानी आस अब पूरी हो रही है। 18 साल से लंबित केन-बेतवा लिंक परियोजना का शुभारंभ क्षेत्र की प्यास के बुझने के साथ ही जीवन बदलने का ऐतिहासिक पड़ाव भी है। चार दशक से बुंदेलखंड की जनता को जिस दिन का बेसब्री से इंतजार था। वह दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़संकल्प से आ गया है। जिस सपने को भाजपा सरकार में ही पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल जी ने देखा और देश में 37 नदियों को आपस में जोड़कर जल संकट को दूर करने का बीड़ा उठाया था, जिसमें केन-बेतवा लिंक परियोजना भी थी, उसे अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मूर्त रूप मिल गया है। यह भारत की पहली नदी जोड़ो परियोजना है। इसको अंतर्राज्यीय नदी हस्तांतरण मिशन के लिये एक मॉडल योजना के रूप में माना जाता है। लेकिन दुर्भाग्य से अटल जी के बाद की यूपीए सरकार ने इसमें रुचि नहीं दिखायी। हालांकि उन्होंने बुन्देलखंड की दुर्दशा पर राजनीतिक रोटियाँ खूब सेकीं। स्मरण रहे कि जब अटल जी ने नदियों को जोड़ने की जो परिकल्पना की थी, उनमें से केन-बेतवा पहला लक्ष्य था। देश में जल के संकट से सर्वाधिक प्रभावित बुन्देलखंड का ही क्षेत्र था, जिसका निदान मानवता की माँग थी। भाजपा सरकार क्षेत्र के इस जीवन-संकट को समझ रही थी।

स्वाधीन भारत में सर्वाधिक राजनितिक रोटियाँ बुंदेलखंड के पिछड़ेपन पर ही सेकी गईं। राजनीतिक पर्यटकों ने इसकी दुर्दशा की तस्वीरों को देश-विदेश में भी खूब प्रचारित किया, लेकिन जिनके हाथों में सात दशक तक इसके तकदीर की चाभी थी, उन्होंने उससे हर बार छल किया और बुंदेलखंड की दशा जस की तस बनी रही। जिस बुंदेलखंड के वीरता की गाथाएँ साहस देती हैं, वही बुंदेलखंड पानी के समर में कई दशकों से मात खाता रहा।

उजड़ते गाँव और पलायन बुंदेलखंड की त्रासदी का वृतांत बताते हैं। भयानक सूखे की मार से बेहाल हो चुके बुंदेलखंड को कॉंग्रेस सरकारों ने केवल नारे दिये और हर बार चुनाव बाद भुला दिया। बुंदेलखंड की जनता के जीवन में हर दिन अंधकार और अधिक घना होता गया और सपनों के सौदागर उन्हें सब्जबाग दिखाते रहे। कड़वा सच है कि विगत दशकों में बुन्देलखंड से करोड़ों लोग पलायन कर गये। पशुधन को बचाना, कृषि कार्य करना, जीवन के लिए जरूरी पानी जैसी समस्याएँ बुन्देलखंड की नसीब बन गयीं और जन-जीवन में और अँधेरा छाता चला गया। लेकिन जब सच्ची नीयत वाला नेतृत्व मिलता है तो लोकतंत्र में वह दिन आ ही जाता है, जब एक नया सवेरा अँधेरों छांट देता है। बुंदेलखंड के इतिहास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसा सवेरा लाने वाले सूरज की तरह हैं। मोदी जी के नेतृत्व का ही फल है कि जल, वन-भूमि साझाकरण और अधिग्रहण में आने वाली कठिनाईयों से जूझ रही केन-बेतवा लिंक परियोजना अब शुरू हो रही है। यह अकाट्य तथ्य है कि श्री मोदी जी के प्रयास से ही इस महान परियोजना की अनेक अड़चनें दूर हुईं और विश्व जल दिवस पर 8 मार्च को प्रधानमंत्री की उपस्थिति में यूपी और एमपी सरकारों ने इसके लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। सारी बाधाओं को पार कर अब मोदी सरकार ने 45 हजार करोड़ वाली केन-बेतवा लिंक जैसी बहुप्रतीक्षित परियोजना को जमीन पर उतार कर यहाँ समाज-जीवन की सरलता के सारे मार्ग प्रशस्त कर दिये हैं। इस परियोजना में 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देगी और शेष मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश वहन करेंगे। इसके तहत केन नदी से बेतवा नदी में पानी भेजा जाएगा और 221 किलोमीटर लंबी संपर्क नहर निकाली जाएगी, जो झांसी के निकट बरुआ में बेतवा नदी को जल उपलब्ध कराएगी।

केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट से नॉन मानसून सीजन (नवंबर से अप्रैल के बीच) में क्रमश: मध्यप्रदेश को 1834 तथा उत्तर प्रदेश को 750 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी मिल सकेगा। इसका लाभ मध्य प्रदेश में बुंदेलखंड के छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, सागर और दतिया के साथ-साथ शिवपुरी, विदिशा और रायसेन सहित अन्य जिलों को भी मिलेगा। केन-बेतवा लिंक कार्य के पूरा हो जाने से जहां 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा पहुंचाई जा सकेगी, वहीं 41 लाख लोगों को सहज तौर पर पीने का पानी मिल पाएगा। बुंदेलखंड में आने वाले उत्तर प्रदेश के 2 लाख 52 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई और पेय जल की सुविधा भी इससे मिल सकेगी। बाद में 103 मेगा वाट पनबिजली और 27 मेगावाट सौर ऊर्जा भी पैदा की जा सकेगी।

भले ही देश में जल-संकट पर छिटपुट चर्चाएँ होती रहीं हों परन्तु यह एक अटल सत्य है कि 1999 में एनडीए सरकार बनने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल जी ने ही पहली बार नदी जोड़ो परियोजना पर काम शुरू किया था। उस समय एक टॉस्क फोर्स का गठन करके आधारभूत कार्य किया गया। इस टॉस्क फोर्स ने देश की नदियों का वर्गीकरण करके एक रूपरेखा रखी कि किन नदियों को जोड़कर देश को पानी की समस्या से मुक्ति दिलाई जा सकती है। हालांकि 2004 में यूपीए सरकार बनते ही यह योजना ठंडे बस्ते में डाल दी गई। यूपीए की सरकार ने 10 साल नदी जोड़ो परियोजना घोर अनदेखी की। यह रवैया कॉंग्रेस के झूठे विकास की बानगी भी है जो इतिहास के पन्नों में सदा दर्ज रहेगी। कॉंग्रेस की संवेदनहीनता का परिणाम बुंदेलखंड की जनता को भुगतना पड़ा है। लेकिन अब यहां की जनता का जीवन बदलने का रास्ता खुल गया है।

मोदी सरकार ने सक्रियता से केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए शुरू में ही राष्ट्रीय जल विकास प्राधिकरण को इसकी कमान सौंपी तथा प्राधिकरण की मॉनिटरिंग का जिम्मा केंद्रीय जल संसाधन मंत्री को दिया ताकि यह कार्य तेज गति से पूरा हो सके। इसके लिए अप्रैल 2015 में एक स्वतंत्र कार्यबल भी गठित किया था। आज उसी सक्रियता, सुशासन और कार्य-संस्कृति का परिणाम है कि देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना के रूप में केन-बेतवा लिंक प्रारंभ हो रही है और बुंदेलखंड की जनता का यह महान सपना पूरा हो रहा है।

मोदी सरकार द्वारा निर्मित बुंदेलखंड की जीवन रेखा केन-बेतवा लिंक परियोजना अब यहां युगांतकारी परिवर्तन लाएगी। जल-संकट खत्म होने के साथ ही महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। उन्हें मीलों सिर पर पानी ढोने से निजात मिलेगी। पानी की उपलब्धता से स्वच्छता बढ़ेगी और उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। इस परियोजना से बुंदेलखंड में सामाजिक-सांस्कृतिक-आर्थिक स्तर ऊँचा होगा। नहरों का विकास होगा, पनबिजली से सस्ती बिजली मिलेगी तथा वनीकरण भी बढ़ेगा। आर्थिक समृद्धि आने से जीवन बदलेगा और बुंदेलखंड की सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति रुझान बढ़ेगा तो पर्यटन उद्योग भी निखरेगा। खाद्य सम्पन्नता और रोजगार के अवसर मिलेंगे तो पलायन पर विराम लगेगा।आज जिसबुंदेलखंड की पहचान अकाल और सूखा की है, वह बुंदेलखंड भविष्य में हरियाली से पहचाना जाएगा। जो बुंदेलखंड गरीबी से जाना जाता है,वह समृद्ध बुंदेलखंड बनेगा और भविष्य में अपने गौरवशाली अस्मिता के साथ सारी दुनिया को आकर्षित करेगा।

**( लेखक खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से सांसद व मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष हैं )**

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### नपाध्यक्ष ने सड़क का किया भूमिपूजन



**हरदा, देशबन्धु।** शहर के वॉर्ड क्रमांक 7 राधा कृष्णन वार्ड में बुधवार को गोलू चंद्रवंशी के मकान से पूनम पवार के मकान तक सीसी रोड का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया ने किया। इस अवसर पर वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष एवं उपस्थित सभी वार्ड पार्षदों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।इस अवसर पर वार्ड 7 के पार्षद लोकेश राव मराठा ,वार्ड 8 के पार्षद मनोज महलवार ,वार्ड 11 की पार्षद श्रीमति अंजना पाराशर , प्रवीण शुक्ला, रमेश सोनी ,शैलेन्द्र माकवे , संदीप पाराशर , प्रेमेंद्र सांकल्ले सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

### पेयजल की लाइन का पाइप चोरी, राम मंदिर में नहीं पहुंच रहा पानी

**सारनी, देशबन्धु।** श्री राम मंदिर पानी पहुंचाने वाला पाइप अज्ञात चोर चुरा ले गए। इससे अब मंदिर में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिसकी वजह से श्रीराम मंदिर प्रबंधन में आक्रोश है। प्रबंधन समिति के किशोर चौहान,महेंद्र सिक्केवाल, यादवराव धोटे ने बताया कि पुलिस थाने के समीप श्रीराम मंदिर होने के बाद लोहे का पाइप लाइन चोरी हो जाना स्थानीय पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है। उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला पंजीबद्ध किए जाने की मांग की है।

### खेत में युवती से दुष्कर्म, आरोपी पर प्रकरण दर्ज

**मुलताई, देशबन्धु।** पुलिस थाना क्षेत्र के एक गांव में 21 वर्षीय पीड़िता के साथ आरोपी द्वारा खेत में दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले में मुलताई पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि पीड़िता अपने परिजनों के पास खेत में पैसे लेने के लिए जा रही थी। इसी दौरान आरोपी ने उसे बीच खेत में पड़कर उसके साथ घटना को अंजाम दिया। उसी समय पीड़िता के परिजन आ गए और आरोपी उन्हें देखकर मौके से भाग गया। टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि मुलताई थाना क्षेत्र के एक ग्राम में घटना हुई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसे कुछ सामान लाना था। जिसके लिए उसे पैसे की आवश्यकता थी। उसके माता-पिता काम करने के लिए खेत में गए हुए थे। इसलिए वह घर से माता-पिता के पास पैसे लेने के लिए खेत जा रही थी। इसी दौरान उसे खेत के रास्ते में आरोपी रवि ठाकरे 32 साल मिला। उसने उसे अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने परिजनों के साथ मुलताई थाना आकर मामले की शिकायत की। जिस पर आरोपी रवि के खिलाफ धारा 376, 506 भादवि और एससीएसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# क्रेन की मदद से हाईवे पर खड़े टैंकर की चोरी का प्रयास

▶ **पुलिस ने टैंकर, क्रेन और कार को लाया थाने, मौके पर पकड़ाए 3 लोगों से की जा रही पूछताछ**





**मुलताई, देशबन्धु।** साइखेड़ा थाना अंतर्गत ससुंद्रा चेक पोस्ट के पास से रात्रि में क्रेन के माध्यम से लाखों रुपए मूल्य का एसिड टैंकर चोरी कर ले जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह मुलताई क्षेत्र के लिए अपने तरह की बड़ी घटना है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हालांकि चोरी कि इस बड़ी वारदात को नाकाम कर दिया और क्रेन, टैंकर,कार सहीत तीन व्यक्तियों को पुलिस थाने ले जाया गया, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि मुलताई क्षेत्र के थाना साईखेडा के तहत हाईवे के पास स्थित एक ढाबे के पास बीती रात लगभग 1 बजे ढाबे के पास एसिड का टैंकर खड़ा था। टैंकर को कुछ लोग क्रेन की मदद से चोरी कर ले जा रहे थे। बताया जा रहा है कि इस घटना में नागपुर बैतूल के आधा दर्जन से अधिक लोग शामिल थे। जो कि इस टैंकर को चोरी करने के लिए बीते एक सप्ताह से योजना बना रहे थे। इस घटना और घटना को अंजाम देने वाले लोगों के हौसलों का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि इस टैंकर की कीमत 25 लाख से भी अधिक बताई जाती है को पहले सुधारा गया,उसके बाद नागपुर से क्रेन बुलाकर इसे चोरी किया जा रहा था। टीआई नन्हेवीर सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि टैंकर चोरी हो रहा है, उन्होंने तुरंत ही मौके पर पुलिस बल भेजा। इसके बाद टैंकर और ट्रेन को जप्त कर थाने में खड़ा कर लिया गया है। वहीं कुछ लोगों को भी पड़कर उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि टैंकर गुजरात के किसी व्यक्ति का है, उसके साइखेड़ा थाना आने पर प्रकरण दर्ज किया जाएगा। पूरे मामले में उनका कहना है कि यह टैंकर लंबे समय से ढाबे के पास खड़ा हुआ था और इस टैंकर की देखभाल के लिए टैंकर मालिक द्वारा एक कर्मचारी को भी नियुक्त किया गया था। पुलिस द्वारा सभी पहलुओं पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

#### इनका कहना है

टैंकर मलिक का इंतजार किया जा रहा है जिसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी और नागपुर या जहां भी आरोपी होंगे उन्हें पकड़कर लाया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

**नन्हेवीर सिंह,**
**थाना प्रभारी साइखेड़ा मुलताई**

# जैव विविधता क्विज: जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुई 45 विद्यालयों की टीमें



**हरदा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज 2023 के तहत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में जिले के 45 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उपवन मण्डलाधिकारी उत्तर संजय जैन, सहायक संचालक शिक्षा डी.एस. रघुवंशी, प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा डी.के. साहू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शासकीय हाई स्कूल धौलपुरकला, द्वितीय स्थान सी.एम. राईज उत्कृष्ट विद्यालय खिरकिया तथा तृतीय स्थान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा की टीम ने प्राप्त किया। वन मण्डलाधिकारी हरदा ने बताया कि प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र तथा विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया है। प्रथम स्थान पर आने वाली टीम राज्य स्तरीय जैव विविधता क्विज 2023 में जिले का ऑनलाइन प्रतिनिधित्व करेगी।

# एक महीने पहले सीतामढ़ी बिहार से लापता बालक बारहवी गांव में मिला



▶ **हाथ पर लिखे नंबर पर संपर्क कर साईखेड़ा पुलिस ने परिजन से मिलवाया**

**मुलताई, देशबन्धु।** थाना साईंखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बारहवी में मंगलवार एक अज्ञात बालक के मिलने की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई थी। जिसके बाद थाना साईंखेड़ा में पदस्थ थाना प्रभारी नन्हेवीर सिंह के निर्देश पर प्रधान आरक्षक विनय जायसवाल, आरक्षक रविंद्र नागले, मददगार मुंशीलाल सिरसाम ग्राम बारहवी पहुंचे और बालक को अपने साथ पुलिस थाने ले आए। वह बालक मानसिक रूप से कमजोर था और अपना नाम, घर का पता बताने में असमर्थ था। जिसके चलते उसकी देखभाल पुलिस द्वारा की जा रही थी। मददगार मुंशीलाल ने बताया कि जब उसे नहलाया गया तो, उसके हाथ पर उसका नाम पता और मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। जिससे पता चला की उसका नाम किसन राम है और वह सिरौली का रहने वाला है। उसके हाथ पर लिखे मोबाइल नबरों पर संपर्क करने पर उसके पिता हरेंद्र राम ने जानकारी दी की किसन इन्ही का बेटा है और मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है। वह 11 सितंबर को घर से बिना कुछ बताएं अचानक से कहीं चला गया था। जिसको गुमशुदगी सीतामढी पुलिस थाने में की गई है। वह थाना साईंखेड़ा के ग्राम बारहवीं कैसे पहुंचा, इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। लेकिन पुलिस की सूचना पर वे अपने पुत्र को लेने बुधवार देर शाम साईंखेड़ा पुलिस थाने पहुंचे। जहां पर उन्हें पुलिस द्वारा तस्दीक कर बालक को सौंप दिया गया। किशन के पिता हरेंद्र ने बताया कि उन्होंने ही उसके हाथ पर उसका नाम पता और मोबाइल नंबर गुदवाया है, ताकि वह कहीं गुम हो तो, उसकी जानकारी मिल सके। हरेंद्र ने थाना साईखेड़ा में पदस्थ समस्त पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया और अपने पुत्र को साथ लेकर अपने गांव की ओर रवाना हो गया।

# कृषि मंत्री ने इंडोर स्टेडियम निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

▶ **15 करोड़ की लागत से होगा तैयार, खिलाड़ियों को मिलेगी सुविधा**




**हरदा, देशबन्धु।** कृषि मंत्री कमल पटेल ने बुधवार को लगभग 15 करोड़ रूपये लागत से निर्मित होने वाले इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

कृषि मंत्री पटेल ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि हरदा जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। हरदा में कमल युवा खेल महोत्सव के माध्यम से खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का भरपूर मौका मिलता है। उन्होने कहा कि पिछले वर्षों में नेहरू स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधा के लिये बहुत से कार्य कराये गये हैं। अब फ्लड लाइट लग जाने से खिलाड़ी रात में भी नेहरू स्टेडियम में खेलते है। इंडोर स्टेडियम बन जाने से हरदा जिले के खिलाड़ियों को और अधिक सुविधाएं मिलने लगेंगी। वहीं कृषि मंत्री श्री पटेल ने जिला अस्पताल परिसर में जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र डीईआईसी के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस भवन की कुल लागत 1 करोड़ 23 लाख 39 हजार रूपये है।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, सिविल सर्जन डॉ. मनीष शर्मा सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कृषि मंत्री श्री पटेल ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने आयुष्मान भारत योजना प्रारम्भ की है, जिससे गरीब परिवारों के सदस्यों को एक वर्ष में 5 लाख रूपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध होती है। इस योजना से गरीबों को काफी राहत मिली है। उन्होने कहा कि इससे पहले गंभीर बीमारियों के उपचार के लिये गरीब परिवारों को ऊँची ब्याज दर पर राशि उधार लेकर इलाज कराना पड़ता था।

# अधिकारियों व पंचायत पर अनदेखी का आरोप, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश



**भैंसदेही, देशबन्धु।** आठनेर ब्लॉक के ग्राम अम्बाड़ा के ग्रामीणों ने एक बैठक कर समस्याओं को लेकर आक्रोश जताया और इसका निराकरण न होने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। उनका आरोप है कि नलजल योजना के तहत पाइपलाइन खुदी है जिसका पानी ग्रामीणों के लिए ही था परन्तु अधिकारियों व पंचायत की अनदेखी के कारण ग्राम की पाइपलाइन का पानी दूसरे ग्राम को दिया गया। अम्बाड़ा-दहिपानी सड़क नहीं बनी है जिसके कारण ग्रामीणों को अपनी रोज मर्रा की जरूरतों के लिए मुख्य मार्ग से जुड़ने में मुश्किलें होती है और बरसात के समय अत्यधिक परेशानी होती है नेताओं से सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा है वही दूसरी तरफ ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच पंचायत में नही होती है कोई भी काम के लिए बैतूल जाना पड़ता है ग्रामीणों ने बताया कि अगर इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई नही हुई तो वे कलेक्टर को ज्ञापन सौपेंगे। बैठक में पंच दुर्गा बेले, अंजली नर्रे,रेखा अंजनेरे,बसंती टेकाम, लाता बेले,सैवन्ति भुसुमकर, वंदना नर्रे, फूलवंती बेले, रामरती, इवने,मुन्नी बाई, गुड्डी इवने,सुक्रनिया गोहे, दिलीप बारस्कर,अशोक नर्रे, मनीष बेले, संतुलाल वरकड़े, चुन्नीलाल बेले, नामदेव कास्दे, मुकेश बेले, कुंतेश बालापुरे, नत्थू भुसुमकर, मंटू चौहान, जगदीश कुमार,तबाक़ी, नाटी, आदि बढ़ी संख्या मे वरिष्ठजन मौजूद रहे।

# बिना अनुमति तोड़ी सड़क, दुर्घटना की आशंका



**सारनी, देशबन्धु।** बैतूल से परासिया तक जोड़े जाने वाली सड़क को जल आवर्धन योजना का काम देखने वाले कर्मचारियों ने बीती रात बिना अनुमति तोड़कर पाइपलाइन बिछाने का काम किया गया। आश्चर्य की बात यहां है कि मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से स्टेट हाईवे का यह निर्माण किया गया था यह मिनी हाईवे बैतूल के कमानी गेट से लेकर परासिया तक लगभग 124 किलोमीटर का बना है। इस मुख्य मार्ग को हवाई पट्टी होंडा शोरूम बगडोना के समक्ष बिना अनुमति खोदकर पाइपलाइन बिछाई गई। इसके बाद तत्काल प्रभाव के साथ डामरीकरण किया जाना चाहिए था लेकिन सड़क को खोद कर मिट्टी का ढेर लगा दिया गया है। ऐसी स्थिति में वहां पर दुर्घटना होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस संबंध में नर्मदापुरम एमपीआरडीसी सहायक प्रबंधक प्रवीण निमजे का कहना है कि बिना अनुमति के यदि जल आवर्धन का कार्य देखने वाले इंजीनियर और ठेकेदार ने मिनी नेशनल हाईवे की सड़क को खुदा है तो इसकी जांच कर कर संबंधित विभाग के इंजीनियर और ठेकेदार पर कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाएगी और सड़क को हुए नुकसान की भरपाई भी संबंधित कंपनी से की जाएगी।

# पेयजल लाइन के वॉल चैंबर में पानी भरा होने से बढ़ रहे मच्छर



**सारनी, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद सारनी के 36 वार्डों में जल आवर्धन योजना के माध्यम से वॉल चैंबर का निर्माण किया गया है और वर्तमान समय में इन सभी वॉल चैंबरों में पानी होने की वजह से मच्छरों की बढ़ोतरी बढ़ गई है। आश्चर्य की बात यह है कि वार्ड पार्षदों के माध्यम से नगर पालिका परिषद सारनी के स्वास्थ्य महकमे को इसकी जानकारी देने के बाद भी विभाग इन वॉल चैंबर की साफ सफाई नहीं कर रहा है। जिसके कारण यह मच्छर वार्डों में प्रवेश करके मौसमी बीमारी को बढ़ावा दे रहे हैं। नगर पालिका परिषद सारनी के 36 वार्डों में एक अरब 10 करोड रुपए की लागत से बनने वाले जल आवर्धन योजना के अंतर्गत झुग्गी बस्ती सहित लगभग 17 हजार घरों में नल कनेक्शन दिया जाना है लेकिन अभी तक जल आवर्धन योजना के माध्यम से 9 हजार 800 घरों में जल कनेक्शन देने का कार्य किया गया है।

#### इनका कहना है

जो चेंबर खुले हैं उनको बंद करने का निर्देश जल आवर्धन कंपनी के जुड़े कर्मचारियों को दिया जाएगा,जिससे इस चैंबर वाला में गिरकर कोई गंभीर रूप से घायल ना हो सके जिन चैंबरों में पानी है उसे खाली करने को कहा जाएगा जिससे मच्छर की उत्पत्ति ना हो सके।

**किशोर बरदे नगर पालिका**
**अध्यक्ष सारनी**

# विधानसभा चुनाव: मास्टर ट्रेनर ने दी आचार संहिता की जानकारी



**मुलताई, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय मुलताई में बुधवार आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के विस्तृत जानकारी के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। रिटर्निंग आफिस मुलताई एसडीएम तृप्ति पटैरिया, सहायक रिटर्निंग आफीसर मुलताई तहसीलदार अनामिका सिंह एवम प्रभात पट्टन तहसीलदार डॉली रैकवार की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें बैतूल से आए स्टेट मास्टर ट्रेनर विजयंत सिंह ठाकुर ने समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर बैतूल जिला स्तरीय ट्रेनर जितेंद्र खन्ना, रामप्रसाद साहू एवं विधानसभा ट्रेनर रविशंकर पवार भी उपस्थित रहे। ट्रेनिंग के दौरान उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता का किस तरह से पालन किया जाना है। किन धाराओं के तहत क्या कार्रवाई की जानी है, इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसएसटी, वीडियो निगरानी दल, लेखा दल, बीएलओ के सुपरवाइजर, उड़न दस्ता, नाम निर्देशन दल, वीडियो पर्यवेक्षक दल, सेक्टर अधिकारी आदि शामिल हुए।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने बताया की आगामी विधानसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता के तहत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार अधिकतम 40 लाख रुपए ही खर्च कर पाएंगे। जिसके लिए सतत निगरानी रखी जाएगी। वहीं रोड शो में 10 वाहनों से ज्यादा वाहन शामिल नहीं किए जाएंगे। इन वाहनों में ऑटो और बाइक को भी वाहन माना जाएगा। इन वाहनों पर एक बाय डेढ़ फुट का मात्र एक-एक झंडा ही लगा होगा।

### महाराणा प्रताप की प्रतिमा का किया अनावरण



**बैतूल, देशबन्धु।** क्षत्रिय महासभा राजपूत समाज अखंड भारत के तत्वाधान में लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम के सामने स्थित पार्क में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की विशाल एवं भव्य प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में राजपूत समाज अखंड भारत के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी सहित पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल, दुर्गादास उइके सांसद बैतूल हरदा, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, योगेश पण्डाग्रे विधायक आमला सहित संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश राघव , क्षत्राणी अर्चना सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बिहार क्षत्राणी रमा सिंह राठौड़ अध्यक्ष मध्य प्रदेश एवं रुपेश कुमार सिंह वरिष्ठ कार्यकर्ता गुजरात आदि मौजूद रहे।

## सार समाचार

### सोमवार को चार घंटे बंद रहेगी पूरे शहर की बिजली

**इटारसी, देशबन्धु।** सोमवार 9 अक्टूबर को पूरे शहर की बिजली चार घंटे बंद रहेगी। इस दौरान मानसून बाद का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार 09 अक्टूबर 2023, सोमवार को 33 केवी 1×2 फीडर की विद्युत सप्लाई 11 बजे से 03 बजे दोपहर तक पूरे इटारसी शहर (घरेलू, गैर-घरेलू, इंडस्ट्रियल एरिया,11 केवी इंडस्ट्रीज, शासकीय कार्यालय) की सप्लाई बाधित रहेगी। इस दौरान 220 केवी पथरोटा में पोस्ट मानसून मेंटेनेंस का कार्य किया जाना है। कार्य के दौरान समय को घटाया-बढ़ाया भी जा सकता है। इस दौरान संपूर्ण इटारसी की बिजली बंद रहेगी।

### समर्थन मूल्य पर खरीफ उपज पंजीयन की अवधि बढ़ी

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के एक आदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा हेतु किसान पंजीयन की अवधि बढ़ा दी गई है। किसान अब 15 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। पहले यह तिथि 5 अक्टूबर थी। प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुसार विगत वर्ष की तुलना में अभी तक कम किसान पंजीयन हुए हैं। प्रदेश में धान, ज्वार एवं बाजरा उत्पादक किसानों को समर्थन मूल्य योजना का लाभ उपलब्ध कराने के लिए पंजीयन की अवधि अब 15 अक्टूबर तक बढ़ा दी है।

### निःशुल्क स्तन कैंसर जांच शिविर रविवार 8 को

**इटारसी, देशबन्धु।** रोटरी क्लब इटारसी एवं इनरव्हील क्लब इटारसी द्वारा स्तन कैंसर जागरुकता माह के अवसर पर निःशुल्क स्तन कैंसर जांच शिविर का आयोजन 8 अक्टूबर रविवार को राठी अस्पताल कैंपस में किया जाएगा। क्लब की ओर से दी जानकारी में बताया गया है कि शिविर में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक स्तन स्पेशलिस्ट डॉ. नेहा गुप्ता द्वारा निःशुल्क परामर्श, निःशुल्क जांच के अलावा स्वयं द्वारा स्तन की जांच का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसमें 20 वर्ष से अधिक की महिलाएं शामिल हो सकती हैं।

### ग्राम बिछुआ के पास नाले में दिखा मगरमच्छ, रेस्क्यू का हो रहा प्रयास



**इटारसी, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत बिछुआ के अंतर्गत खेत के समीप एक नाले में मगरमच्छ दिखने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को भी दी है। जीव प्रेमी अभिजीत यादव मगरमच्छ को तलाश रहे हैं, लेकिन आज शाम तक सफलता नहीं मिली है। ग्राम पंचायत बिछुआ के समीप नाले में मगरमच्छ पिछले तीन दिनों से दिख रहा है जिससे ग्रामीण डरे हुए हैं। दरअसल इस नाले के आसपास खेत लगे हैं हुए जहां किसान खेती के काम करने पहुंचते हैं। ऐसे में इस मगरमच्छ का पकड़ा जाना आवश्यक है ताकि ग्रामीणों को भयमुक्त किया जा सके।

### विद्यार्थी से भरे मैजिक वाहन को बोलेरा ने मारी टक्कर

**नर्मदापुरम , देशबन्धु।** शहर में विवेकानंद घाट के पास एक प्राइवेट स्कूल के विद्यार्थी से भरे मैजिक वाहन को बोलेरा ने टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में मैजिक वाहन के ड्राइवर और 2 विद्यार्थी घायल हो गए। बोलेरा का चालक गाड़ी लेकर रफूचक्कर हो गया। घटना बुधवार दोपहर करीब 1.25 बजे की है। बोलेरा चालक लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। विवेकानंद घाट के पास सोना मेमोरियल स्कूल के बच्चों को लेकर जा रहे मैजिक वाहन से बोलेरा टकरा गई। फिर गाड़ी लेकर चालक तेज रफ्तार कर भाग गया। स्कूल वाहन में करीब एक दर्जन विद्यार्थी बैठे थे। इसमें से ड्राइवर और 3 बच्चे घायल हो गए। तुरंत निजी अस्पताल में घायल ड्राइवर और बच्चों को लेकर जाया गया।

# जिले भर में पीटीआई शिक्षकों के 46 पदों में से 29 रिक्त

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** बढ़ते मोबाईल और टेलीविजन के दौर ने जहां बच्चों को मानसिक रूप से स्वस्थ और सम सामयिक की जानकारी दी है तो वहीं शारीरिक रूप से कमजोर भी किया है। एक दौर था जब स्कूलों में बच्चों को शारीरिक सक्षम बनाने के लिए रोजाना नए नए खेल खेले जाते थे। पर अब बच्चों को केवल अच्छे अंकों की होड़ ने किताबों तक सिमटा दिया है। ऊपर से मोबाईल और टेलीविजन ने मैदान में खेलने कूदने का समय छीन लिया है। वहीं दूसरी ओर सरकारी स्कूलों में नए नए खेल खिलाने वाले खेल शिक्षकों की भी कमी बनी हुई है। जिससे स्कूलों में बच्चे खेल खेलने से दूर हो रहे हैं और कई सारी प्रतियोगिताओं में भी वे बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। जिले के सरकारी स्कूलों में खेल शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों को खेल प्रशिक्षण नहीं मिल रहा है। स्थिति यह है, कि जिले में स्वीकृत 46 खेल शिक्षक के पदों में से 29 पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। अधिकांश सरकारी स्कूलों में



विद्यार्थियों को खेल कूद सिखाने के लिए पीटीआई शिक्षक नहीं है। अर्थात जिले के महज 17 खेल शिक्षक पदस्थ है। बताया जाता है कि हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा रिक्त पड़े खेल शिक्षकों की जानकारी चाही थी। खेल शिक्षक न होने से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण नहीं मिलता है जिससे वे प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते है।

### बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते बच्चे

विभागीय सूत्र बताते हैं कि जिन सरकारी स्कूलों में खेल शिक्षक हैं उनमें शिक्षकों को विभिन्न विभागीय कार्यों में उलझा कर रखा जाता है। इस वजह से वे प्रशिक्षण पर ज्यादा ध्यान नहीं दे पाते। साल दर साल नया शिक्षण सत्र शुरू हो जाता है लेकिन अधिकांश सरकारी स्कूलों में खेल गतिविधियां शुरू नहीं हो पाती हैं। बच्चे खेल गतिविधियों में पीछे हो जाते हैं। जिन सरकारी स्कूलों में पीटीआई शिक्षक मौजूद हैं वहां के विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन भी कर रहे हैं। पर इसे विडंबना ही कहा जा सकता है कि जिले के अधिकांश स्कूलों में पीटीआई शिक्षक मौजूद नहीं हैं।

**विभागीय आंकड़ों के अनुसार इन ब्लॉक के स्कूलों में है खेल शिक्षक=**

| ब्लॉक | शिक्षक संख्या |
|---|---|
| होशंगाबाद | 10 |
| बनखेड़ी | 1 |
| पिपरिया | 4 |
| बाबई | 2 |

### इनका कहना है

शासन की प्रक्रिया है, शासन जब भी नियुक्ति पर कार्य करेगा तब भर्ती होंगी। हमसे शिक्षा विभाग द्वारा जानकारी मांगी गई थी जो भेज दी गई है।

– **वंदना रघुवंशी,** प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी, शिक्षा विभाग

फोटो युक्त मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन

# नर्मदापुरम जिले में 9 लाख 40 हजार 69 कुल मतदाता



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुधवार को जिले में फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राजनैतिक दलों को मतदाता सूची के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई एवं मतदाता सूची की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी वितरित की गई। साथ ही विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत मानक दरों की सूची एवं मतदान केंद्रों के संशोधित नाम की जानकारी भी दी गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे, निर्वाचन सुपरवाइजर से कैलाश दुबे सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पश्चात् जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 940069 हैं, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 486657 , महिला मतदाताओं की संख्या 453377 एवं 35 अन्य मतदाता है। 18 से 19 वर्ष आयु के नवीन मतदाताओं की संख्या 43603 हैं,जिनमें 23797 पुरुष एवं 19806 महिला शामिल हैं। जिले में 80 प्लस आयु के मतदाताओं की संख्या 10905 है जिनमें 4440 पुरुष एवं 6465 महिलाएं शामिल है। मतदाता सूची का लिंगानुपात 931.62 है एवं ईपी रेशों 66.72 हैं। जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 8988 है जिनमें 5733 पुरुष एवं 3255 महिला शामिल हैं। वहीं सर्विस वोटर की संख्या 1894 हैं। बैठक में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में विशेष अभियान चलाकर पिछले 9 माह में मतदाताओं के नाम जोड़ने, विलोपित करने एवं स्थानांतरित करने के कुल 115455 आवेदनों का निराकरण किया गया है। जिनमें नाम जोड़ने के 40817, नाम हटाने के 15593 एवं नाम स्थानांतरित करने के 59045 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

### जिले में 1187 मतदान केंद्रों पर किया जाएगा मतदान

जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1187 है जिनमें सिवनीमालवा विधानसभा अंतर्गत 318 , होशंगाबाद विधानसभा में 238, सोहागपुर विधानसभा में 314 एवं पिपरिया विधानसभा में 317 मतदान केंद्र शामिल हैं।

### जिले में आयुवार मतदाताओं की स्थिति

जिले में 18 से 19 वर्ष की आयु के मतदाताओं की संख्या 43603 है जोकि कुल मतदाताओं का 4.64 प्रतिशत है, इसी प्रकार 20 से 29 वर्ष आयु के कुल मतदाता 224357 है, जिनका प्रतिशत 23.87 हैं। 30 से 39 वर्ष की आयु की मतदाता 239375 है जिनका प्रतिशत 25.46 हैं। इसी प्रकार 40 से 49 आयु के मतदाताओं की संख्या 179570 है जिनका प्रतिशत 19.10 है। 50 से 59 वर्ष की आयु के मतदाताओं की संख्या 129835 है जिनका प्रतिशत 13.81 है। वहीं 60 से 69 वर्ष के आयु के मतदाताओं की संख्या 77535 है जिनका प्रतिशत 8.25 है। 70 से 79 वर्ष की आयु की मतदाताओं की संख्या 34889 है जिनका प्रतिशत 3.71 है वहीं 80 प्लस आयु के मतदाताओं की संख्या 10905 है जोकि कुल मतदाताओं का 1.16 प्रतिशत हैं।

### विधानसभावार मतदाताओं की स्थिति

सिवनीमालवा विधानसभा अंतर्गत जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 245148 है जिनमें 127304 पुरुष एवं 117835 महिला एवं 9 अन्य मतदाता शामिल है। इसी प्रकार होशंगाबाद विधानसभा अंतर्गत कुल मतदाता 221141, जिनमें 112322 पुरुष, 108803 महिला एवं 16 अन्य, सोहागपुर विधानसभा अंतर्गत कुल मतदाता 242873, जिनमें 127521 पुरुष, 115346 महिला एवं 6 अन्य तथा पिपरिया विधानसभा अंतर्गत कुल मतदाता 230907, जिनमें 119510 पुरुष, 11393 महिला एवं 16 अन्य मतदाता शामिल हैं।

96 पीएम आवास की मल्टी स्टोरी के लिए जल्द होगा भूमिपूजन

# हटेंगे प्रस्तावित भूमि से अतिक्रमण, कई बार जारी हो चुके हैं नोटिस



### नगरपालिका अध्यक्ष ने नपा के इंजीनियर्स के साथ किया साइट विजिट

**इटारसी, देशबन्धु।** नगरपालिका परिषद इटारसी जल्दी ही आजाद नगर सब्जी मंडी के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना एएचपी घटक के तहत 96 आवास बनाने जा रही है। संभवतः इसी सप्ताह कार्य का भूमिपूजन भी हो जाएगा। आज नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने, नपा के इंजीनियर्स एई मीनाक्षी चौधरी, उपयंत्री सोनिका अग्रवाल के साथ साइट विजिट की। इस दौरान पार्षद जिमी कैथवास भी मौजूद थे। यहां अभी कुछ अतिक्रमण हैं, जिन्हें कई बार नोटिस जारी किया जा चुका है, प्रशासन एक दो दिन में इन्हें हटाने की कार्रवाई शुरु कर सकता है।

### ऐसा है पूरा प्रोजेक्ट, एक नजर में समझें

प्रोजेक्ट की कुल लागत- 6 करोड़ 62 लाख
कुल आवास बनेंगे- 96
कैसी होगी मल्टी स्टोरी- नीचे पार्किंग के अलावा 6 फ्लोर होंगे
फ्लैट का साइज- 450 वर्ग फीट होगा
एक फ्लैट की लागत- 6.60 लाख आएगी
हितग्राही को देने होंगे- 2 लाख रुपये
बाकी के रुपये- 4.60 लाख शासन वहन करेगा
मल्टी स्टोरी काम्प्लेक्स में लिफट की सुविधा भी होगी

### इनका कहना है

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 96 आवास बनाने के लिए कुछ ही दिन में कार्य शुरु हो जाएगा। निर्माण के लिए सारी प्रक्रिया पूरी हो गई है। सिर्फ भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कराना है। आज साइट विजिट करने भी पहुंचे थे।

**पंकज चौरे,** अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद इटारसी

### नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन देकर समस्या निराकरण की मांग

**इटारसी, देशबन्धु।** अखिल भारत हिंदू महासभा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सूरज ठाकुर ने नगर पालिका अध्यक्ष इटारसी को ज्ञापन देकर गणेश नगर कालोनी की समस्याओं के निराकरण की मांग की है।



ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड 19 में गणेश नगर कालोनी चौराह से स्वप्नेश्वर धाम को जाने वाली सड़क पर पूर्व में ही बड़े नाले का निर्माण किया गया है, जिसकी गहराई अधिक होने के साथ ऊंचाई सड़क के बराबर है जिसमे पशुओं के गिरने के बाद उन्हें निकालने में खासी मशक्कत करनी पड़ती है। इस रास्ते पर बच्चों का स्कूल भी आता है और कुछ ही दिनों में नवरात्र भी आने वाले हैं, बच्चे गाड़ियों के आगे बैठ कर आना जाना करते हैं, अतः इससे पहले की कोई अप्रिय घटना घटे नाली को कवर कराएं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष उमेश कुमार चौधरी, जिला महामंत्री सूरज यादव, नगरध्यक्ष सूरज चौरे, विकास अहिरवार, आदित्य तिवारी, राहुल एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी स्तर पर दर्ज समस्त बच्चों की समग्र आईडी बनवाने की कार्यवाही पूर्ण करें : कलेक्टर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** बुधवार को शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, जनजातीय विकास विभाग, डाइट एवं अन्य विभागों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा विभिन्न विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गई जिसके अंतर्गत कक्षा 1 में नामांकन से शेष रहे सभी बच्चों की कारणों सहित सूची तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास को निर्देशित किया गया है कि आंगनबाड़ी स्तर पर दर्ज समस्त बच्चों की समग्र आईडी, जन्म प्रमाण पत्र, आधार आदि बनाने की कार्रवाई पूर्ण करें। जिससे जिले के बच्चों का स्कूलों में नामांकन किया जा सके। इसी के साथ कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि समस्त विकासखंडो मे जिन शालाओं को पुस्तक प्राप्त हो चुकी है किंतु अभी तक पोर्टल पर एंट्री पूर्ण नहीं हुई है, ऐसी शालाओं को चिन्हित कर उनकी पोर्टल पर एंट्री पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। प्राचार्य लीड कॉलेज सिवनी मालवा को निर्देशित किया गया है कि सिवनी मालवा कॉलेज के लिए जो जमीन आवंटित हो चुकी है उस पर नियम अनुसार निर्माण की अग्रिम कार्यवाही करें।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नर्मदापुरम ने जीते 6 पदक



**इटारसी, देशबन्धु।** 67 वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का तीसरे दिन 19 वर्ष बालक बालिकाओं की प्रतियोगिता में रिकर्व राउंड में अंजलि ने गोल्ड और इंडियन राउंड में मुस्कान कश्यप ने सिल्वर मैडल जीतकर पदक तालिका में श्रेष्ठ स्थान पर पहुंची।

नर्मदापुरम संभाग ने पूरी प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक, 1 कांस्य पदक जीतकर कुल टोटल प्रतियोगिता के 6 पदकों पर कब्जा किया। प्रतियोगिता के पहले ही दिन माधव शर्मा ने सिल्वर मैडल जीतकर विजयी शुरुआत की थी।

उल्लेखनीय है कि फील्ड आर्चरी में पहली बार नर्मदापुरम संभाग के संयुक्त संचालक ने खिलाड़ियों पर विश्वास किया और उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा। छात्रों ने भी विश्वास पर कायम रखा और पूरी प्रतियोगिता में दो स्वर्ण 3 रजत और एक कांस्य के साथ 6 पदक जीतकर नर्मदा पुरम संभाग को टीम विजेता का भी खिताब दिलाया।

विगत 6 महीना से कोच गुंजन शर्मा, अश्वनी मालवीय एवं समय-समय पर अपने कोचिंग के हुनर सीखने के लिए सूरज नंद, आईएनएस कोच नोडल विद्यालय पहुंचकर खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार कर रहे थे। विश्वास से भरे इन खिलाड़ियों ने कोच की मानकों पर खरे उतरे और मेडल दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जहां खिलाड़ियों ने 1,2,3,स्थान प्राप्त किया वहीं प्रतियोगिता के चौथे और पांचवें स्थान पर भी नर्मदा परम के खिलाड़ी ही रहे।

दल के साथ खिलाड़ियों के विजय होने पर श्रीमती भावना दुबे संयुक्त संचालक नर्मदापुरम, निर्मल केलिव उपसंचालक नर्मदापुरम, एसपीएस बिसेन जिला शिक्षा अधिकारी, गजेंद्र सुराजिया संभागीय खेल अधिकारी, वंदना रघुवंशी जिला खेल अधिकारी, उमा पटेल जिला कीड़ा अधिकारी खेल एवं कल्याण विभाग, विद्यालय प्राचार्य श्रीमती सपना गिरधारी, गोविंद, दीनदयाल यादव सहित समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

### इटारसी से 3 खिलाड़ियों का सब जूनियर नेशनल के लिए चयन



**इटारसी, देशबन्धु।** हॉकी के सब जूनियर नेशनल वेस्ट जोन के लिए मध्यप्रदेश की टीम में इटारसी के तीन बच्चों का चयन हुआ है। हॉकी होशंगाबाद के सचिव कन्हैया गुरयानी ने बताया कि नगर के खिलाड़ी ओम पटवा, सनी सेन और बालिका समीक्षा सराठे का चयन सब जूनियर नेशनल वेस्ट जोन राजनांदगांव के लिए हुआ है। वरिष्ठ खिलाड़ी एवं मार्गदर्शक एससी लाल, हॉकी होशंगाबाद के अध्यक्ष प्रशांत जैन, कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, जयराज सिंह भानू, अरुण रावर्ट, अजय अल्बर्ट, साजिद मलिक, आरिफ खान, रीतेश श्रीवास सहित खिलाड़ियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### अनन्या दुबे एम पी सीनियर वूमेंस टी-20 टीम में

**इटारसी, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ की खिलाड़ी अनन्या दुबे का चयन मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की सीनियर वूमेंस टी-20 टीम में किया गया है। जानकारी देते हुए मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि अनन्या दुबे बीसीसीआई की प्रतियोगिता टी-20 हेतु मध्य प्रदेश टीम से रायपुर जायेंगी। यह टूर्नामेंट 19 अक्टूबर से 28 अक्टूबर के मध्य खेला जाएगा जिसका प्रसारण खेल चैनल पर भी किया जाएगा। अनन्या दुबे के चयन होने पर संभाग के सभी पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों में हर्ष व्याप्त है।



# शास्त्री मार्केट स्थित रूपम होजरी में सेंधमारी, चांदी के सिक्के और नगदी उड़ाये



**इटारसी, देशबन्धु।** एक चोरी ने संस्कृत पाठशाला के नीचे स्थित शास्त्री मार्केट में स्थित दो दुकानों में सेंधमारी की। एक दुकान से पूजा के चांदी के सिक्के और कुछ नगदी ले गया। सीसीटीवी में चोर कैद हुआ है जो एक छोटा बच्चा है, जिसने मुंह पर अपना शर्ट उतारकर लपेट रखा था। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर मुआयना किया है।

संदीप जनरल स्टोर वालों का एक ओर प्रतिष्ठान रूपश्री होजरी पर यह वारदात सुबह करीब सवा पांच बजे हुई है। चोर ने पहले महेश वाच की पीछे स्थित दुकान में सेंधमारी की, जहां खिलौने के डिब्बे खोलकर देखे, लेकिन यहां से कुछ नहीं चुराया। इसके बाद वह रूपश्री होजरी में गया जहां से चांदी के सिक्के और नगदी सहित करीब दस हजार रुपए का माल उड़ा लिया है।

### चार माह पूर्व भी हुई थी चोरी

करीब चार माह पूर्व भी महेश वाच की दुकान में चोरी हुई थी जिसमें करीब सवा लाख की चपत उनको लगी थी। व्यापारी का कहना है कि पुलिस ने उस वक्त इसे गंभीरता से नहीं लिया। बल्कि हमें झुठला दिया था। आज हमारे पास सीसीटीवी कैमरे के फुटेज हैं जो हमने पुलिस को उपलब्ध कराये हैं। इस में एक बच्चा शटर के नीचे से घुसता भी दिखाई दे रहा है।

### व्यापारी भी जागरुक हों

इसी दुकान के साइड में स्थित खंडेलवाल ज्वेलर्स से श्रीमती अनिता खंडेलवाल का कहना है कि इस मामले में प्रशासन को तो अपनी भूमिका ईमानदारी से निभानी चाहिए बल्कि व्यापारियों को भी जागरुक होना चाहिए। लाखों का नुकसान न हो इसके लिए हम गार्ड या चौकीदार रख सकते हैं। पुलिस को व्यापारियों को सुरक्षा देनी चाहिए ताकि हम बेखौफ होकर व्यापार कर सकें।

### संयुक्त व्यापार महासंगठन के पदाधिकारी पहुंचे

घटना की जानकारी मिलने पर संयुक्त व्यापार महासंगठन के पदाधिकारी शास्त्री मार्केट पहुंचे और पुलिस से घटना की चर्चा की। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि अति शीघ्र चोर को पकड़ लिया जाएगा। चोरी की वारदात सीसीटीवी फुटेज में है, एक दुकान के ताले तोड़ने का प्रयास व दो दुकानों के ताले तोड़कर शटर खोला गया है। सिर्फ एक दुकान में कुछ चांदी के सिक्के और लगभग 2000 नगद चोरी हुए हैं। धर्मदास मिहानी, कैलाश नवलानी हरीश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, रवि राज सोनी व अन्य पदाधिकारी शास्त्री मार्केट पहुंचे।

राज्यपाल ने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन जागरूकता अभियान का किया शुभारम्भ, कहा-

# चिकित्सक आत्मीय भाव से मरीजों का इलाज करें

- बी.एम.एच.आर.सी. में आकस्मिक चिकित्सा इकाई लोकार्पित
- एनीमिया पीड़ित बच्चों और उनके अभिभावकों से की मुलाकात



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मरीजों के इलाज के दौरान चिकित्सक आत्मीय भाव रखें। मरीजों के स्वस्थ होने में चिकित्सकों का मधुर व्यवहार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चिकित्सकों को मरीजों का इलाज अपने परिजनों की तरह करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोगियों के स्वास्थ्य लाभ और उनकी बेहतरी के लिए चिकित्सकों के आचरण में सहानुभूति और संवेदनशीलता बहुत जरूरी है। बी.एम.एच.आर.सी. के चिकित्सक इस दिशा में संवेदनशील पहल करते हुए पीड़ित मानवता की सेवा का आदर्श प्रस्तुत करे।

राज्यपाल श्री पटेल आज भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र की आकस्मिक चिकित्सा इकाई और नवनिर्मित गांधी वीथिका के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ उप महानिदेशक आई.सी.एम.आर. (एम्स दिल्ली) श्रीमती मनीषा सक्सेना मौजूद थीं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जीवन संकट के दौरान समय पर मिलने वाला इलाज जीवनदान होता है। जरूरी है कि चिकित्सा केंद्र में जो भी संकटग्रस्त व्यक्ति आए, वह जल्द स्वस्थ होकर घर लौटे। मानवसेवा में आज तकनीक का योगदान महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में रोगियों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के लिए आकस्मिक चिकित्सा ईकाई में रेड, येलो और ग्रीन जोन के द्वारा रोगियों की गम्भीरता के आधार चिन्हित कर उपचार की व्यवस्था करना सराहनीय नवाचार है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि इस नई आकस्मिक चिकित्सा यूनिट में मरीजों को बेहतर तात्कालिक उपचार संभव होगा। भोपाल के बाहर और दूर दराज क्षेत्रों से आने वाले रोगियों को बेहतर उपचार सुविधाएं मिलेंगी।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि बी.एम.एच.आर.सी. का सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन एवं जागरूकता अभियान सराहनीय प्रयास है। जागरूकता के प्रयास चिकित्सालय की सीमाओं के बाहर भी किये जाये। उन्होंने कहा कि जनजातीय वर्ग में सिकल सेल रोग की जागरूकता और उन्मूलन के तरीकों की जानकारी देना बहुत जरूरी है। शादी के पूर्व वर-वधु अपने जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड का मिलान अवश्य करें ताकि भविष्य में सिकल सेल रोग का खतरा नहीं रहे। राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम में शामिल सिकल सेल एनीमिया पीड़ित बच्चों और उनके अभिभावकों से मुलाकात की और आत्मीय संवाद किया।

### गांधी वीथिका स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाएगी

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि स्वच्छता चिकित्सालय का आधार होती है। परिसर में अस्पताल प्रबंधन द्वारा साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाने, गांधी वीथिका का निर्माण सराहनीय है। उन्होंने वीथिका में गांधी साहित्य, उनके चित्रों की उपलब्धता और मरीजों के रिश्तेदारों के बैठने की व्यवस्था का अवलोकन किया। श्री पटेल ने कहा कि वीथिका रोगियों के परिजनों को गांधीजी के दर्शन और विचारों से प्रेरित करेगी। रोगियों के परिजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक और आग्रही बनाएगी। राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में उनका पुष्पगुच्छ और शाल-श्रीफल से स्वागत और स्मृतिचिन्ह से अभिनंदन किया गया। श्री पटेल बी.एम.एच.आर.सी. परिसर में भोपाल गैस त्रासदी के दिवंगतों के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाया। प्रभारी निदेशक बी.एम.एच.आर.सी. डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन दिया। प्राध्यापक, निश्चेतना विभाग, बी.एम.एच.आर.सी. डॉ. सारिका कटियार ने आभार व्यक्त किया।

बालाघाट में पुलिस के क्रम-पूर्व पदोन्नति अलंकरण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री, जवानों से बोले-

# आप अपनी ड्यूटी पूरा करें, मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा

### माँ-बहन और बेटी का सम्मान सर्वोपरित है

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वीर जवानों ने वीरता, पराक्रम, शौर्य और हिम्मत से एक नया इतिहास रचा है। वीर जवान हिम्मत से भरे हुए हैं। आपके शौर्य और प्रताप को प्रणाम योग्य है। वीर जवानों ने एक साल में 91 लाख के 6 इनामी नक्सली और पिछले तीन सालों में 1 करोड़ 62 लाख के 9 इनामी नक्सली धराशायी किए हैं। यह कोई साधारण सफलता नहीं है।

श्री चौहान बालाघाट में मध्यप्रदेश पुलिस के क्रम-पूर्व पदोन्नति अलंकरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जवानों को बधाई देते हुए कहा कि आप अपनी ड्यूटी पूरा करें, मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा। आपकी सुविधाओं में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में माँ-बहन और बेटी का सम्मान मेरे लिए सबसे ऊपर है। मध्यप्रदेश में हमने कानून बनाया है कि मासूम बेटियों के साथ कोई गलत हरकत करेगा तो फांसी के फंदे पर लटका दिया जाएगा। वीर जवान कठिन परिस्थितियों में रहकर प्रदेश को शांति का टापू बनाने में जी-जान से लगे हुए हैं।




मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वीर जवान हमारा बल हैं। मध्यप्रदेश के अभिमान है। जवानों की वीरता, पराक्रम देखकर मध्यप्रदेश की जनता की ओर कोई भी आँख उठाकर नहीं देख सकता। जब-जब भी नक्सलियों को धराशायी किया है। राज्य सरकार ने हमेशा सम्मानित किया है। प्रदेश में नक्सली गतिविधियों को रोकने के लिए नई नीति बनाई है। प्रदेश में नवीन नक्सल आत्म समर्पण और पुनर्वास के लिए नीति बनाई गई है। नक्सली गतिविधियों के खिलाफ हमारी हॉक फोर्स हमेशा खड़ी है, इस पर मुझे गर्व है। वीर जवान अपनी जान हथेली पर रखकर नक्सलियों को धराशायी करने का कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर नर्मदा घाटी विकास मंत्री गौरीशंकर बिसेन, आयुष एवं जल संसाधन राज्य मंत्री राम किशोर कावरे, विधायक लांजी सुश्री हिना कांवरे, मध्यप्रदेश राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना, आई.जी. बालाघाट संजय कुमार, कमिश्नर जबलपुर अभय वर्मा, कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ सहित पुलिस के वीर जवान तथा उनके परिजन उपस्थित थे।

### मध्यप्रदेश की धरती पर डकैतों का अंत

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैंने ग्वालियर के एक कार्यक्रम में कहा था कि मध्यप्रदेश की धरती पर डाकू नहीं रहने देंगे। जवानों ने प्रदेश में सारे डकैतों का अंत कर दिया है। सिमी के नेटवर्क को समाप्त कर दिया है। नक्सलवाद को समाप्त करने का भी लगातार कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश पुलिस और हमारे जवानों के खाते में अनेक उपलब्धियां हैं।

केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने दी परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरण को मंजूरी

# केन-बेतवा लिंक परियोजना के निर्माण का रास्ता साफ



### मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने जताया आभार

**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए 6017 हेक्टेयर वन भूमि के उपयोग की स्वीकृति दे दी है। इसके बाद अब परियोजना का काम पूरी रफ्तार से शुरू किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने इस परियोजना की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव का आभार व्यक्त किया है।

### बुंदेलखंड की तस्वीर बदलेगी



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि कैन-बेतवा परियोजना से मध्यप्रदेश और सीमावर्ती उत्तरप्रदेश की भी तस्वीर बदल देगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से नॉन मानसून सीजन में मध्यप्रदेश को 1,834 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी मिलेगा। परियोजना से मध्यप्रदेश के छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी एवं दमोह तथा उत्तर प्रदेश के बांदा, महोबा, झांसी एवं ललितपुर जिले लाभांन्वित होंगे। श्री शर्मा ने कहा कि 2003 में भाजपा के सत्ता में आने से पहले मध्यप्रदेश की स्थिति जितनी खराब थी, उससे कहीं ज्यादा खराब हालात प्रदेश के बुंदेलखंड अंचल में थे। अधोसंरचना की स्थिति बदहाल थी, न रोजगार था और न ही किसानों को खेती के लिए पानी मिल पाता था। कांग्रेस सरकार की बुंदेलखंड के प्रति बेरुखी के चलते बड़ी संख्या में बुंदेलखंड के लोग रोजगार की तलाश में देश के अन्य हिस्सों में पलायन करने लगे थे। अब वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा इस परियोजना के लिए राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण को वन भूमि के हस्तांतरण को स्वीकृति दे देने से परियोजना के काम को शुरू किया जा सकेगा।

### 10 लाख हेक्टेयर में होगी सिंचाई, 62 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश और बुंदेलखंड के लिए आज सौभाग्य का दिन है, केन-बेतवा लिंक परियोजना की स्वीकृति से बुंदेलखंड को बहुत राहत मिलेगी। इस परियोजना से 10 लाख 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी और लगभग 62 लाख लोगों को पीने का पानी मिलेगा, 103 मेगावॉट हाइड्रो पॉवर और 27 मेगावॉट की क्षमता वाला सोलर प्लांट भी लगेगा।

श्री चौहान ने राजकीय विमानतल पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि परियोजना में बिजली के दो प्रोजेक्ट भी प्रस्तावित हैं, जिनकी क्षमता 72 मेगावॉट है। बुंदेलखंड को बिजली, सिंचाई का पानी, पेयजल, उद्योगों के लिए जल उपलब्ध होगा। मध्यप्रदेश में सिंचाई क्षमता वर्ष 2003-04 तक मात्र साढ़े सात लाख हेक्टेयर थी, जिसे बढ़ाकर 47 लाख हेक्टेयर किया गया और 65 लाख हेक्टेयर करने के लिए कार्य जारी है। केन-बेतवा सिंचाई परियोजना से इसके अतिरिक्त 10 लाख 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। इससे मध्यप्रदेश में 75 लाख हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

सुरजेवाला ने साधा निशाना, कहा-

# भाजपा पिछड़ा वर्ग विरोधी



**इंदौर, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव और पार्टी के मध्यप्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा जातिगत जनगणना का विरोध करना अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय है और इससे भाजपा का ओबीसी विरोधी डीएनए बेनकाब हो गया है।

सुरजेवाला ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि 'जितनी आबादी, उतना हक' वक्त की मांग है। पिछड़े वर्गों, दलितों, आदिवासियों और गरीबों को उनकी जनसंख्या के आधार पर अधिकार देना सामाजिक समरसता का सूत्र है, इसीलिए पार्टी नेता राहुल गांधी व कांग्रेस लगातार 'जातिगत जनगणना' की मांग उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरी भाजपा इसके विरोध में है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बात से डरी हुई है कि अगर इस वर्ग को अपनी असली संख्या मालूम चल गई, तो पार्टी उनका दमन नहीं कर पाएगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के डीएनए में ही ओबीसी के हक का विरोध है। भारत सरकार की नौकरियों में ओबीसी वर्ग के बड़ी संख्या में पद खाली हैं। भाजपा को लगता है कि पिछड़ा वर्ग को उनकी संख्या पता चल जाएगी तो वह अपना हक मांगेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आएगी तो पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देगी।

घाना में संसदीय संघ सम्मेलन का आयोजन

# मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव को दिया प्रतिनिधि सचिव का दायित्व




**भोपाल, देशबन्धु।** घाना की राजधानी आक्रा में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के 66 वें सम्मेलन में मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव को प्रतिनिधि सचिव का दायित्व दिया गया। भारत के भारत के संसद सदस्यों और विधान मण्डलों के पीठासीन अधिकारियों के भारतीय प्रतिनिधिमण्डल अनुराग शर्मा, सांसद व राष्ट्रमंडल संसदीय संघ कोषाध्यक्ष के नेतृत्व में हुई बैठक में मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह को प्रतिनिधि मंडल सचिव नामित किया गया है।

श्री सिंह द्वारा संसदीय संघ के सम्मेलन की कार्यशाला सत्रों में भारत का पक्ष प्रभावी ढंग से रखने के लिए विभिन्न विधान सभा अध्यक्षों से लोकसभा व विदेश मंत्रालय से विषय वस्तु के साथ समन्वय किया जाएगा। सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अनेक विषयों संसदीय लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण, आतंकवाद की चुनौती, पर्यावरण संरक्षण, मानव अधिकारों के पालन की स्थिति आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर लोक सभा व राज्य सभा के चयनित सांसदों, विधान सभाओं के अध्यक्ष, विधान परिषद के सभापतिगण, विधान मंडल सचिवों के साथ भारत के उच्चायुक्त व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्र ने बंगाल की आवाज दबाने की सभी हदें कीं पार



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया, अब केंद्र सरकार बंगाल की आवाज को दबाने के लिए सभी हदें पार कर चुकी है।

बनर्जी ने मंगलवार रात सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, आज लोकतंत्र के लिए एक काला, भयावह दिन है, एक ऐसा दिन जब भाजपा ने बंगाल के लोगों के प्रति अपने तिरस्कार, गरीबों के अधिकारों की उपेक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के पूर्ण परित्याग का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, निर्दयतापूर्वक बंगाल के गरीबों के लिए महत्वपूर्ण धनराशि रोक दी और जब हमारा प्रतिनिधिमंडल शांतिपूर्वक विरोध करने और हमारे लोगों की दुर्दशा पर ध्यान आकर्षित करने के लिए दिल्ली पहुंचा, तो उनके साथ पहले राजघाट पर और फिर कृषि भवन में क्रूरता की गई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा की मजबूत भुजा के रूप में कार्य करते हुए दिल्ली पुलिस ने बेशर्मी से हमारे प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार किया, जिन्हें जबरन हटा दिया गया और आम अपराधियों की तरह पुलिस वैन में ले जाया गया, क्योंकि उन्होंने सत्ता के सामने सच बोलने का साहस किया। बनर्जी ने कहा कि उनके अहंकार की कोई सीमा नहीं है और उनके अभिमान और अहंकार ने उन्हें अंधा कर दिया है। वहीं ममता बनर्जी ने बुधवार को सिक्किम में बादल फटने के बाद अचानक आई बाढ़ में 23 सैनिकों के लापता होने पर गहरी चिंता व्यक्त की। बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया सिक्किम में बादल फटने के बाद अचानक आई बाढ़ में 23 सैनिकों के लापता होने की खबर सामने आने से बेहद चिंतित हूं। उन्होंने कहा कि इस मामले पर एकजुटता व्यक्त करते हुए और अगर किसी भी तरह सहायता की मांगी गयी तो हमारी सरकार की ओर से हरसंभव सहायता देने का वादा किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**43 लोग लापता : 5 की जान....** जैसे हालात हो गए हैं। राज्य के मुख्य सचिव एचके द्विवेदी ने बताया- तीस्ता बैराज से तीन शव बरामद किए गए हैं। उनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की स्थिति जानने के लिए मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बातचीत की। उन्हें मदद देने का आश्वासन दिया।

हादसे के बाद सेना के लापता जवानों की तलाशी के लिए राहत व बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। स्थानीय प्रशासन भी अपने स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। हालांकि जानमाल के नुकसान को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

**22 लाख से अधिक युवा....** चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के साथ पहले मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्हें विशेष पुनरीक्षण अभियान के संबंध में जानकारी दी गई।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पत्रकारवार्ता में बताया कि प्रदेश में 75 हजार 304 सेवा मतदाता हैं। इन्हें मिलाकर कुल मतदाता अब 5 करोड़ 61 लाख 36 हजार 229 हो गए हैं। इसमें पुरुष मतदाता 2 करोड़ 95 लाख 55 हजार 813 और महिला मतदाता 2 करोड़ 72 लाख 36 हजार 229 हैं। जबकि अन्य मतदाता (थर्ड जेंडर) एक हजार 373 हैं, 99 मतदाता अप्रवासी भारतीय हैं।

श्री राजन ने बताया कि दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 5 लाख 5 हजार 146 है। 18 से 19 वर्ष आयु समूह के मतदाता 22 लाख 36 हजार 564 हैं। जबकि, 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 6 लाख 53 हजार 640 है। सौ वर्ष से अधिक आयु के मतदाता 5 हजार 124 और अप्रवासी मतदाता 99 हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन में बताया कि नाम जोड़ने के आवेदन नामांकन की अंतिम तिथि से 10 दिन पहले तक लिए जाएंगे। चुनाव की घोषणा के बाद मतदाता सूची से नाम नहीं काटे जाएंगे।

**पुलिस में 35 प्रतिशत बेटियों....** की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सीखो-कमाओ योजना, एम.एस.एम.ई. प्रोत्साहन योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। जय श्री राम स्व-सहायता समूह को कच्ची घानी तेल के लिए 3 लाख का चेक दिया गया। ग्राम हिंगना रैयत की राशन दुकान का आवंटन स्व-सहायता समूह को किया। अमित पाटिल को केला यूनिट लगाने और सुश्री वैष्णवी शिंदे को ग्राम बोरसर में कस्टम हायरिंग केन्द्र के लिए आर्थिक सहयोग का चेक दिया गया।

श्री चौहान ने बुरहानपुर जिले में 182 करोड़ 72 लाख रूपए की लागत से बने 26 कार्यों का लोकार्पण तथा 219 करोड़ 60 लाख रूपए की लागत के 19 कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया। लोकार्पण के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 68 करोड़ 21 लाख की लागत से बने असीर-धूलकोट-घाटाखेड़ी मार्ग, 38 करोड़ 82 लाख की लागत से नेपानगर रेलवे क्रासिंग पर बने ओव्हर ब्रिज, 50 सीटर डिग्री कॉलेज भवन धूलकोट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेपानगर, शाही किला बुरहानपुर में लाईट एंड साउंड प्रोग्राम की व्यवस्था तथा अन्य कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 145 करोड़ की पांगरी मध्यम सिंचाई परियोजना, 23 करोड़ की इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर स्थित 13.80 किलोमीटर लंबे नेपाफाटा से नेपानगर मार्ग निर्माण सहित अन्य कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण मंत्री तथा बुरहानपुर के प्रभारी प्रेम सिंह पटेल, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, विधायकगण, नगरीय निकायों तथा पंचायतों के पदाधिकारी, पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनीस तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**मोदी आज जबलपुर, प्रियंका....** कांग्रेस द्वारा आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगी। प्रियंका दोपहर पौने 3 बजे इंदौर के लिए रवाना होंगी और यहां पहुंचकर विशेष विमान से वापस दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी।

**प्रबीर पुरकायस्थ को 7 दिन....** थी। इस दौरान पुलिस की स्पेशल सेल ने 46 संदिग्धों से पूछताछ की थी। पुलिस ने कई संदिग्ध लोगों के मोबाइल फोन, लैपटॉप, कंप्यूटर आदि जब्त कर लिये थे। पुलिस ने छापेमारी के बाद न्यूजक्लि का कार्यालय सील कर दिया था।

**निशाना बनाए जाने का लगाया....** पर जानकारी दी गई थी। न्यूजक्लिक का आरोप है कि वर्ष 2021 से केंद्र सरकार की विभिन्न जांच एजेंसियों के माध्यम से उसे निशाना बनाया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया सर्वे का आदेश

# नहर निर्माण में देरी पर पंजाब सरकार को फटकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर के निर्माण में देरी के लिए पंजाब सरकार को फटकार लगाई। शीर्ष अदालत की पीठ में शामिल न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, सी.टी. रविकुमार और सुधांशु धूलिया ने एसवाईएल नहर के निर्माण को लेकर हरियाणा और पंजाब के बीच चल रहे विवाद के मामले की सुनवाई की। पंजाब सरकार के वकील ने विपक्षी दलों के दबाव और किसानों द्वारा कब्जाई गई जमीन का हवाला देते हुए अदालत को मुश?किलों से अवगत कराया। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में केंद्र को निर्देश दिया है कि वह विवाद पर मध्यस्थता प्रक्रिया पर गौर करे और पंजाब सरकार द्वारा किए गए निर्माण की सीमा को देखने के लिए सर्वेक्षण भी करवाए। अदालत ने मार्च में केंद्र को इस मामले में मुख्य मध्यस्थ के रूप में समाधान निकालने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया था। इससे पहले जुलाई 2020 को शीर्ष अदालत ने भी दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से इस मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने को कहा था।

यह संघर्ष 1966 में हरियाणा के पंजाब से अलग होने के बाद 1981 के जल-बंटवारे समझौते से जुड़ा हुआ है। एसवाईएल नहर के निर्माण के बाद रावी और ब्यास नदियों से दोनों राज्यों के बीच जल बंटवारे की सुविधा होगी। पंजाब ने तटवर्ती सिद्धांतों का हवाला देते हुए जल बंटवारे का विरोध किया था। इस बात पर सहमति बनी कि दोनों राज्य एसवाईएल नहर में अपने हिस्से का निर्माण करेंगे। 2004 में पंजाब सरकार ने एसवाईएल समझौते को रद्द करते हुए पंजाब टर्मिनेशन ऑफ एग्रीमेंट एक्ट (पीटीएए) पारित किया। 2016 में शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार के इस एकतरफा कानून को रद्द कर दिया। मामले को जनवरी 2024 को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

# सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सवाल, राजनीतिक दल का नाम क्यों नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू से पूछा कि इसमें राजनीतिक दल को आरोपी क्यों नहीं बनाया गया है। राजू पीएमएलए मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। अदालत ने ईडी से गुरुवार को जवाब देने को कहा। यहां जिस राजनीतिक दल की बात हो रही है वह आम आदमी पार्टी (आप) है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.एन.वी. भट्टी की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी से संबंधित दो याचिकाओं में सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई की। शीर्ष अदालत में सिसोदिया की जमानत याचिकाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को उनके पक्ष में काफी दलीलें दीं।

### रणबीर कपूर को भी ईडी का समन, 6 को बुलाया

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर को ईडी ने बुधवार को समन भेजा है। एजेंसी ने उन्हें 6 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप के 5 हजार करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में रणबीर का नाम आया है। केस के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर की शादी में वे शामिल हुए थे। आरोप है कि रणबीर समेत कई सेलेब्स को इसके लिए हवाला से पैसे दिए गए थे। रणबीर पर इस ऐप के प्रमोशन का भी आरोप है। ईडी का दावा है कि रणबीर को बड़ी रकम कैश में मिली।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।